हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 172, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 22 दिसम्बर, 2023 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## राज्यसभा में दूरसंचार बिल पास, राष्ट्रपति की अनुमति के बाद बन जाएगा कानून

### मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के बिल को लोकसभा से मंजूरी

नई दिल्ली। सांसदों के सस्पेंशन के खिलाफ विपक्ष के सांसदों ने गुरुवार को पैदल मार्च निकाला। वहीं बीजेपी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ की मिमिक्री करने को लेकर जंतर-मंतर पर TMC सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। सांसदों के सस्पेंशन के खिलाफ विपक्ष के सांसदों ने गुरुवार को पैदल मार्च निकाला। वहीं बीजेपी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ की मिमिक्री करने को लेकर जंतर-मंतर पर TMC सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। राज्यसभा में गुरुवार, 21 दिसंबर को टेलीकम्युनिकेशन बिल 2023 पास हो गया। इस बिल को लोकसभा में 20 दिसंबर को पास किया गया था। अब इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेज जाएगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद यह बिल कानून बन जाएगा। इस बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है।

लोकसभा ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और चुनाव आयुक्तों (ECs) की नियुक्ति, सेवा शर्तों को विनियमित करने वाले बिल को मंजूरी दे दी है। राज्यसभा से यह बिल 12 दिसंबर को पास हुआ था। इसे चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा की शर्तें और कामकाज का संचालन) अधिनियम, 1991 की जगह लाया गया है।



**विपक्ष ने पुरानी संसद से विजय चौक तक पैदल मार्च निकाला-** आज सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के सांसदों ने पुरानी संसद से विजय चौक तक पैदल मार्च निकाला। इस दौरान खड़गे ने कहा कि सरकार संसद सुरक्षा चूक पर जवाब दे। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह संसद में आकर इस मामले पर बयान दें। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि संसद से विपक्ष के सांसदों का निलंबन ठीक नहीं है। इस बीच, लोकसभा और राज्यसभा के अंदर भी हंगामा हुआ। आज भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। प्रश्नकाल में ही विपक्ष के कुछ सांसद नारेबाजी करते दिखे।

**जंतर-मंतर पर शुक्रवार को प्रदर्शन करेगी विपक्षी पार्टियां-** I.N.D.I.A के सांसदों को निलंबित किए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी संबोधित करेंगे। खड़गे ने कहा कि पीएम वाराणसी, अहमदाबाद जा रहे हैं, वे हर जगह बोल रहे हैं, संसद में सुरक्षा चूक पर नहीं बोल रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद के सिक्योरिटी लेप्स पर कुछ नहीं कहा। हम इसकी निंदा करते हैं। सरकार सदन नहीं चलने देना चाह रही है। विपक्ष की आवाज दबा रही है। संसद में बोलना हमारा अधिकार है। सभापति मामले को जातिगत रंग दे रहे हैं। शरद पवार ने कहा कि सदन में जो हुआ, वो इतिहास में कभी नहीं हुआ। जो लोग सदन में घुसे, वो किसकी मदद से आए। सुरक्षा में चूक पर चर्चा क्यों नहीं हो रही? चर्चा कराने की बजाय सांसदों को सस्पेंड कर दिया। सभापति की मिमिक्री पर पवार ने कहा कि ये सदन के अंदर का नहीं, बाहर का मामला है।

**संसद से अब तक 143 सांसद सस्पेंड-** 20 दिसंबर को लोकसभा से 2 और सांसदों को निलंबित किया गया था। अब तक 143 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। इनमें 109 लोकसभा और 34 राज्यसभा के हैं। इन सांसदों के संसद में दाखिल होने पर रोक है। 20 दिसंबर की कार्यवाही में लोकसभा में विपक्ष के 98 सांसदों और राज्यसभा में 94 सांसदों ने भाग लिया। विपक्ष का आरोप है कि सांसदों को सस्पेंड करके भाजपा सभी बिल बिना बहस के पास कराना चाहती है। संसद के शीतकालीन सत्र के सिर्फ दो बचे हैं। 4 दिसंबर से शुरू हुए सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही 22 दिसंबर को होगी।

### अब सीआईएसएफ संभालेगी संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा

नई दिल्ली। सरकार ने संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स को सौंपने का फैसला किया है। बता दें कि बीते दिनों संसद की सुरक्षा में चूक का गंभीर मामला सामने आया था, जिसके बाद सरकार ने यह फैसला किया है। बता दें कि सीआईएसएफ एक सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स है, जो विभिन्न मंत्रालयों की इमारतों, परमाणु ठिकानों, अंतरिक्ष केंद्र के अहम ठिकानों समेत नागरिक एयरपोर्ट्स और दिल्ली मेट्रो की भी सुरक्षा करती है। खबर के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने संसद भवन परिसर के सर्वे का निर्देश दे दिया ताकि संसद भवन परिसर में सीआईएसएफ और उसकी फायर विंग की तैनाती के लिए व्यापक पैटर्न तैयार किया जा सके। विभिन्न सरकारी इमारतों की सुरक्षा संभाल रहे सीआईएसएफ के विशेषज्ञ जवानों और अधिकारियों के साथ ही संसद भवन की सुरक्षा कर रही मौजूदा टीम इस हफ्ते संसद भवन का सर्वे करेगी। नई योजना के तहत नए और पुराने संसद भवन के साथ ही अन्य सहयोगी इमारतों को भी एक सिक्योरिटी कवर के तहत लाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सीआईएसएफ संभालेगी। सीआईएसएफ के जवानों के साथ ही मौजूदा संसद सुरक्षा सर्विस, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप के जवान भी मिलकर संसद भवन की सुरक्षा करेंगे।

## भारत के संविधान में संशोधन की अटकलों को पीएम मोदी ने खारिज किया

नई दिल्ली। पिछले दिनों देश में संविधान में संशोधन को लेकर छिड़ी बहस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराम लगा दिया है। उन्होंने संविधान में संशोधन किए जाने की किसी भी बात को निरर्थक बताते हुए खारिज कर दिया। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने सबसे परिवर्तनकारी कदमों को ऐसा कुछ किए बिना और जन भागीदारी के जरिए साकार किया गया है। एक साक्षात्कार में मोदी ने देश में लाए गए बदलाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वच्छ भारत, शौचालय निर्माण अभियान से लेकर करीब एक अरब लोगों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाने तक के सफर का हवाला दिया। मोदी ने कहा, 'देश उड़ान भरने के लिए तैयार है और मैं अगले साल होने वाले आम चुनावों में जीत को लेकर बहुत आश्वस्त हूं। अब बस चाहता हूं कि इस उड़ान में तेजी लाई जाए और इसे सुनिश्चित करने करने के लिए सबसे अच्छी पार्टी कौन सी है यह पता है।' उन्होंने कहा कि उड़ान में तेजी लाने के लिए वहीं पार्टी सबसे अच्छी है, जो उन्हें यहां तक लेकर आई है।

पीएम मोदी ने साक्षात्कार के दौरान अपनी सरकार द्वारा आम आदमी के जीवन में लाए बदलाव का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं 10 साल पहले की आकांक्षाओं से अलग हैं। बता दें, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में लौटने और मध्य प्रदेश में अगले साल गर्मियों में होने वाले राष्ट्रीय चुनावों से पहले पार्टी को बरकरार रखने के कुछ दिनों बाद उनकी यह टिप्पणी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर मोदी की जीत तीसरी बार भी होती है, तो समर्थक इस बात की पुष्टि कर देंगे, जो वो



कहते हैं कि उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था और वैश्विक सम्मान का निर्माण किया है, लाखों लोगों के जीवन में सुधार किया है और बहुसंख्यक हिंदू धर्म को सार्वजनिक जीवन के केंद्र में रखा है। वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने 'इंडिया' के तहत गठबंधन किया है, जो देश के संस्थापकों के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर हमला होने के बावजूद 'लोकतंत्र और संविधान की रक्षा' का वादा करता है। इसमें कहा गया है कि मोदी के विरोधियों को चिंता सता रही है कि अगर वो तीसरी बार जीतते हैं तो वह इसका इस्तेमाल भारत को स्पष्ट रूप से हिंदू गणराज्य बनाने के लिए संविधान में संशोधन करके करेंगे।

इस पर मोदी ने कहा कि भाजपा के आलोचकों को अपनी राय रखने का अधिकार है। हालांकि इस तरह के आरोपों के साथ एक बुनियादी मुद्दा है, जो अक्सर आलोचना के रूप में दिखाई देते हैं। ये दावे न केवल भारतीय लोगों की बुद्धिमत्ता का अपमान करते हैं, बल्कि विविधता और लोकतंत्र जैसे मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को भी कम आंकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विदेश नीति के दृष्टिकोण को विस्तृत करते हुए इसे राष्ट्रीय हितों के साथ जुड़े व्यावहारिक संबंधों पर केंद्रित 'मिक्स-एंड-मैच डिप्लोमेसी' बताया। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, 'दुनिया आपस में जुड़ी हुई है और एक-दूसरे पर निर्भर भी है।'

उन्होंने वैश्विक गतिशीलता की जटिलता को भी रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि विदेशी मामलों में भारत का सबसे प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांत उसका राष्ट्रीय हित है। पीएम मोदी के अनुसार, यह दृष्टिकोण, भारत को विभिन्न देशों के साथ इस तरह से जुड़ने में सक्षम बनाता है जो पारस्परिक हितों का सम्मान करता है और समकालीन भू-राजनीति की जटिल प्रकृति को स्वीकार करता है। मोदी ने कहा, 'विदेश मामलों में हमारा सबसे महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत हमारा राष्ट्रीय हित है।' उन्होंने कहा, 'यह रुख हमें विभिन्न देशों के साथ इस तरह से जुड़ने की अनुमति देता है जो आपसी हितों का सम्मान करता है और समकालीन भू-राजनीति की जटिलताओं को स्वीकार करता है।'

### 'संसदीय लोकतंत्र के लिए शोक संदेश लिखना...', विपक्षी सांसदों के निलंबन पर गुस्साए शशि थरूर

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत हो चुकी है। तब से हंगामे का दौर जारी है। सदनों में हंगामे और व्यवधान डालने के आरोप में विपक्ष के 143 सांसदों को शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता लगातार इस कदम का विरोध कर रहे हैं। सांसदों के निलंबन को लेकर कांग्रेस नेता शशिर थरूर ने केंद्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में संसदीय लोकतंत्र के लिए शोक संदेश लिखना शुरू करने का समय आ गया है। शशि थरूर विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में संसद भवन से विजय चौक तक निकाले जाने वाले मार्च में शामिल हुए थे। दरअसल, 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक की घटना को लेकर विपक्ष मोदी के खिलाफ सरकार आक्रमक दिखाई दे रहा है। विपक्ष की मांग है कि सुरक्षा की चूक मामले में सदन में चर्चा की जाए और गृह मंत्री अमित शाह घटना पर जवाब दें। जिसको लेकर संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष सदन में हंगामा कर रहा है।

**जिसकी जिम्मेदारी संसद चलाना...-** निलंबित लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा, 'संदेश बहुत सरल है, संसदीय लोकतंत्र में हम ऐसी स्थिति देख रहे हैं, जहां सरकार, जिसकी जिम्मेदारी संसद को चलाना है, वह इसे गंभीरता से नहीं ले रही है।' उन्होंने कहा कि केंद्र ने संसदीय



लोकतंत्र की परंपरा का सम्मान करने की कोई इच्छा नहीं दिखाई है। उन्होंने आगे कहा, 'शाह ने एक मंत्री के रूप में अपने कर्तव्य को पूरा करने के बजाय, न केवल सदन में उपस्थित होने से इनकार करके संसदीय लोकतंत्र का अपमान किया है, जो उनका कर्तव्य है। बल्कि जो सदन में कह सकते थे उसे बाहर जाकर पत्रकारों से कहा।'

## लोक मर्यादा के आदर्श प्रभु श्रीराम का जीवन दर्शन ही भारतीयता का प्रतीक : रमेश जी

### कोठारी बंधुओं का बलिदान कभी भूल नहीं सकता हिंदू समाज, 1 से 15 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा के लिए चलाया जाएगा महा आभियान

प्रखर वाराणसी। 22 जनवरी 2024 को श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ द्वारा द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संघ के कार्यकर्ता 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे देश में हर जगह हर भारतीय के घर में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्हें निमंत्रण सौंपेंगे । गौरतलाप है कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों अयोध्या में बंद रहे भव्य राम मंदिर में राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होना है। इस अवसर पर देश-विदेश के प्रमुख विद्वान और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने वाले कुल 10 हजार लोग इस महा आयोजन के साक्षी बनेंगे। काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी निवेदिता शिक्षा सदन वाराणसी में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति से जुड़े काशी उत्तर एवं मध्य भाग के प्रमुख कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम भारतीय समाज के लिए आदर्श है ,वे लोकनाथ और लोकमयार्दा के प्रतीक हैं उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त प्रचारक श्री रमेश जी ने व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज भी राम का श्रेष्ठ जीवन हर भारतवासी के लिए अनुकरणीय एवं अनुसरणीय है। राम मंदिर के लिए हुए संघर्ष की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों स्वयंसेवकों ने राम मंदिर हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया। आज उसी का प्रतिफल है श्री राम मंदिर का निर्माण जो आज अपना भव्य रूप ले रहा है। उन्होंने कहा कि उन कोठारी बन्धुओं को हिन्दू समाज कैसे भूल सकता है। जिन्होंने अपने जीवन की आहुति दे दी। उन्होंने 2 नवम्बर 1990 के अयोध्या में हुए भीषण नर संहार की चर्चा करते हुए कहा कि वह अत्यंत दुखद एवं अमानवीय कृत्य था। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरे दुनिया के कण कण में श्री राम विद्यमान एवं विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम ने हमेशा राष्ट्रधर्म का पालन किया और प्रजा के सुख शांति की चिंता की,तथा लोक मंगल की कामना की ।प्रान्त प्रचारक ने कहा कि मानव मूल्यों की रक्षा और सुदृष्टि राम के विचारों पर ही चलकर की प्राप्त की जा सकती है ।राम राज्य की संकल्पना ही भारत को परम् लक्ष्य एवं परम् वैभव की प्राप्ति करा सकती है ।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास राम जी की शक्ति प्राप्त है,और कार्यकर्ता उनकी ही सेना का रूप है। 22 जनवरी 2024 के श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जोर शोर से लग जाय क्यों कि संघ के प्रत्येक स्वयंसेवक के लिए राष्ट्र प्रथम है और उसकी दृष्टि भी राम राज्य के लिए समर्पित है ।उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2024से 15 जनवरी 2024 तक श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा नगर,ग्राम,बस्ती,और मोहल्लों में सघनता से संपर्क अभियान कार्यकर्ता चलाएं और जन सम्पर्क करें ।उन्होंने कहा कि पूज्य संतों द्वारा पूजित अक्षत ,श्री राम मंदिर का चित्र और पत्रक काशी के हर हिन्दू परिवार तक पहुँचना चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप से विभाग कार्यवाह राजेश विश्वकर्मा, विभाग प्रचारक नितिन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





### भ्रष्टाचार मामले में स्टालिन सरकार के मंत्री पोनमुडी को तीन साल की सजा, 50 लाख का जुर्माना भी लगा



चेन्नई। तमिलनाडु के वरिष्ठ मंत्री के पोनमुडी को मद्रास हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने उन पर 50 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। उच्च न्यायालय ने निचली अदालत की तरफ से पोनमुडी को बरी करने के फैसले को पलटते हुए ये सजा सुनाई। बता दें कि मद्रास उच्च न्यायालय ने पोनमुडी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी पाया था। कोर्ट ने तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री और उनकी पत्नी पी. विसालक्षी को बरी करने के निचली अदालत के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया था। अभियोजन पक्ष का कहना था कि पोनमुडी ने द्रमुक शासन में 2006 से 2011 के बीच मंत्री रहते हुए अपने और अपनी पत्नी के नाम पर 1.75 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की थी। जो आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक थी। मंत्री को अयोग्य ठहराए जाने की संभावना है, जो अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद स्पष्ट होगा।

## कोरोना के 358 एक्टिव केस मिले, 6 की मौत, महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री बोले- घबराने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना के 300 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं। साथ ही तीन कोरोना मरीजों की मौत हो गई है। गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आंकड़े जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देशभर में कोरोना के 358 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं, इनमें से 300 अकेले केरल में मिले हैं। इसके साथ ही राज्य में कोरोना के कुल सक्रिय मामले बढ़कर 2,341 हो गए हैं। वहीं देश में कुल सक्रिय मामले बढ़कर 2669 हो गए हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना से छह मरीजों की मौत हुई है। केरल में कोरोना से तीन मरीजों की मौत हुई है, जिसके बाद राज्य में कोरोना से मरने वालों का कुल आंकड़ा 72,059 हो गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि केरल में कोरोना के मामले बढ़ने के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है और हमारा हेल्थ सिस्टम वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए तैयार है। बीते 24 घंटे में केरल में 211 कोरोना मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमण को मात देकर स्वस्थ होने वाले लोगों की कुल संख्या 68,37,414 हो गई है। बीते 24 घंटे में कर्नाटक में दो और पंजाब में एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। देश में कोरोना के मामले बढ़ने के बीच महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने लोगों को सलाह दी है कि वह घबराएं नहीं और राज्य सरकार पूरी तरह से हालात से निपटने के लिए तैयार है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने बताया कि राज्य में भी कोरोना के नए सबवैरिएंट जेएन.1 से संक्रमित एक व्यक्ति मिला है। सावंत ने कहा कि राज्य का हेल्थ सिस्टम कोरोना के नए सबवैरिएंट से निपटने के लिए तैयार है और लोगों को घबराने के जरूरत नहीं है। सावंत ने अपील की है कि अगर लोगों में बीमारी के कोई लक्षण दिखें तो उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर जरूरी कदम उठाने चाहिए। साथ ही उन्होंने लोगों से कोरोना नियमों का पालन करने की भी अपील की। राज्य में लगातार जेनेटिक सीक्वेंसिंग की जा रही है। साथ ही लोगों से मास्क पहनने को कहा गया है। महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में कोरोना के 10 नए मरीज मिले हैं और राज्य में सक्रिय मामले बढ़कर 45 हो गए हैं। तमिलनाडु में बीते 24 घंटे में कोरोना के 12 नए मामले मिले हैं और कुल सक्रिय मामले 89 तक पहुंच गए हैं। कर्नाटक में 13 नए मामले मिले हैं और राज्य में कोरोना के सक्रिय मरीजों का कुल आंकड़ा 92 है।



### विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मायावती बोलीं, विपक्ष विहीन संसद भी ठीक व्यवस्था नहीं



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने संसद से विपक्षी सांसदों के निलंबन को लेकर मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष विहीन संसद ठीक व्यवस्था नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा में चूक होना भी एक गंभीर मामला है। इसे लेकर बुधवार को लोकसभा से दो और सांसदों केरल कांग्रेस के केसी थॉमस व माकपा के एएम आरिफ को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। ये तख्तियों के साथ वेल में नारेबाजी कर रहे थे। अब तक निलंबित 143 में से लोकसभा के 118 और राज्यसभा के 25 सांसद हैं। मायावती ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बनाए गए गठबंधन पर कहा कि जो दल गठबंधन में शामिल नहीं हैं उन पर टीका टिप्पणी नहीं होनी चाहिए। भविष्य में कब किसकी जरूरत पड़ जाए, यह तय नहीं है बाद में इससे शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि बसपा सभी धर्मों का सम्मान करती है और उसे अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और जल्द निर्मित होने वाली मस्जिद के उद्घाटन पर कोई ऐतराज नहीं है। हालांकि, धर्मस्थलों की आड़ में हो रही घिनौनी राजनीति से देश का भला नहीं होगा, बल्कि इससे लोगों के बीच नफरत बढ़ेगी।

## संपादकीय

# फिर वायरस की दस्तक

अभी कुछ समय तक हम सुनते आ रहे थे कि चीन, मलेशिया, सिंगापुर व इंडोनेशिया आदि देशों में कोरोना के नये वायरस का संक्रमण पाया गया है। लेकिन अब जब इस वायरस ने देश के कुछ राज्यों में दस्तक दे दी है तो देशवासियों का चिंतित होना स्वाभाविक है। यह दुखद संयोग ही है कि एक बार फिर केरल में नये कोरोना वायरस जेएन.1 के सौ से अधिक मामले प्रकाश में आए हैं। कुछ मौतों की भी बात कही जा रही है। वहीं केरल सरकार का कहना है कि वहां चिकित्सा तंत्र सक्रिय व जवाबदेह है और सावधानी से जांच-पड़ताल में संक्रमण के मामले उजागर हुए हैं। एक जीनोम सीक्वेंसिंग से नये वायरस की पहचान हो सकी है। निस्संदेह, ऐसी सक्रियता व सजगता देश के हर राज्य में जरूरी है। दरअसल, पिछली कोरोना लहर में देश व विदेश में जहां संक्रमण की जांच में सतर्कता व तेजी बरती गई, वहां कोरोना के ज्यादा मामले प्रकाश में आए। जाहिर बात है जहां जांच के प्रति गंभीरता नहीं होती, वहां कोरोना संक्रमण के मामले भी कम दर्ज होते हैं। लेकिन एक हकीकत है कि कोराना के विषाणु को सदा के लिये समाप्त नहीं किया जा सकता। उर्वरा परिस्थितियों में वह अपना रूप बदलकर सामने आ जाता है। ऐसे में यदि हम साफ-सफाई के साथ सावधानी से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करेंगे तो संक्रमण से सुरक्षित रह सकेंगे। विडंबना यह है कि लोगों ने मान लिया कि कोरोना वायरस सदा-सदा के लिये देश से चला गया। उसके बाद तमाम लापरवाही हम बरतने लगे हैं। दरअसल, 2019 में जब कोरोना वायरस पहली-पहली बार फैला था तो यही सर्दियों का मौसम था। आमतौर पर लोग वैसे भी इस मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी-जुकाम से पीड़ित होते हैं। लेकिन यदि हम खानपान से लेकर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं तो अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। जो हमें वायरस से मुकाबले की ताकत देगी। बहरहाल, हमें यहां ध्यान रखना चाहिए कि दो बड़ी कोरोना लहरों के दौरान देश ने बड़ी कीमत चुकाई। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनों को खोया। लॉकडाउन के कारण रोजगार ठप हुए और लाखों लोगों को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ा। विश्वास है कि हमें उस दुःस्वप्न को दोबारा नहीं देखना पड़ेगा। अच्छी बात है कि नये संक्रमण की दस्तक के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सक्रियता दिखायी है। केंद्र ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी करके कोविड प्रोटोकॉल को गंभीरता से लेते हुए जरूरी कदम उठाने को कहा है। विडंबना है कि कई राज्यों में ऑक्सीजन प्लांट्स देखरेख के अभाव में ठप पड़े देखे गये। विडंबना है कि हमारे तंत्र की लापरवाही के चलते आग लगने पर कुंआ खोदने की आदत अभी तक गई नहीं है। बहरहाल, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस वायरस की घातकता को लेकर निश्चिंत हैं कि यह ज्यादा हानिकारक नहीं है, लेकिन इसके बावजूद सतर्क व सावधान रहने की तो जरूरत है ही। वहीं दूसरी ओर देश की बड़ी आबादी को टीकाकरण के चलते सुरक्षा कवच मिला हुआ है। अब देखना यह है कि यह टीकाकरण नये वायरस के मामले में कितना कारगर होता है। यह भी कि क्या अभी तक टीकाकरण से मिली इम्युनिटी बरकरार है। बहरहाल, हमारी स्वास्थ्य सेवाओं के नियामकों को अतीत में हुए नुकसान से सबक लेते हुए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। आम लोगों को ज्यादा भीड़-भाड़ वाले इलाकों से परहेज करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। किसी तरह के लक्षण दिखायी देने पर स्वास्थ्य विभाग को सूचित करके जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी चाहिए। ऐसे मामलों को छिपाने से संक्रमण के तेजी से प्रसार की आशंका लगातार बनी रहती है। राज्य सरकारों को सतर्क रहते हुए जांच का दायरा बढ़ाना चाहिए और नागरिकों से बचाव के उपाय अपनाने का आग्रह करना चाहिए। निस्संदेह, परहेज व सावधानी से ही हमारा बचाव संभव है। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को चुस्त-दुरस्त बनाने और अतीत के हादसों से सबक लेने की भी जरूरत है।

## है मचा बवाल !



नकल था उतारा ।
है मचा बवाल ।।
उनकी कार्यशैली पर ।
उठ रहे सवाल ।।
थमता ना तूफान ।
हैं कितने गंभीर ।।
है बढ़ानी सीटें ।
धराशाई वीर ।।
है प्रयास जारी ।
निकले ना उपाय ।।
हो रहे हैं नित नित ।
है लगता असहाय ।।
गुणा भाग लेकिन ।
आ रहा ना काम ।।
क्रम रहेगा लगता ।
आगे भी विश्राम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# भारत में वनवासी मूल रूप में प्रभु श्रीराम की प्रतिमूर्ति ही नजर आते हैं

**प्रह्लाद सबनानी**

यह एक एतिहासिक तथ्य है कि प्रभु श्री राम ने लंका पर चढ़ाई करने के उद्देश्य से अपनी सेना वनवासियों एवं वानरों की सहायता से ही बनाई थी। केवट, छबरी, आदि के उद्धार सम्बंधी कहानियां तो हम सब जानते हैं। परंतु, जब वे 14 वर्षों के वनवास पर थे तो इतने लम्बे अर्से तक वनवास करते करते वे स्वयं भी एक तरह से वनवासी बन गए थे। इन 14 वर्षों के दौरान, वनवासियों ने ही प्रभु श्री राम की सेवा सुश्रुशा की थी एवं प्रभु श्री राम भी इनके स्नेह, प्रेम एवं श्रद्धा से बहुत अभिभूत थे। इसी तरह की कई कहानियां इतिहास के गर्भ में छिपी हैं। यह भी एक कटु सत्य है एवं इतिहास इसका गवाह है कि हमारे ऋषि मुनि भी वनवासियों के बीच रहकर ही तपस्या करते रहे हैं। अतः भारत में ऋषि, मुनि, अवतार पुरुष, आदि वनवासियों, जनजातीय समाज के अधिक निकट रहते आए हैं। इस प्रकार, हमारी परम्पराएं, मान्यताएं एवं सोच एक ही है। जनजातीय समाज भी भारत का अभिन्न एवं अति महत्वपूर्ण अंग है।

आज भी भारत में वनवासी मूल रूप में प्रभु श्री राम की प्रतिमूर्ति ही नजर आते हैं। दिल से एकदम सच्चे, धीर गम्भीर, भोले भाले होते हैं। यह प्रभु श्री राम की उन पर कृपा ही है कि वे आज भी सतयुग में कही गई बातों का पालन करते हैं। परंतु, कई बार ईसाई मशीनरियों एवं कुछ विकृत मानसिकता वाले लोगों द्वारा वनवासियों को उनके मूल स्वभाव से भटकाकर लोभी, लालची एवं रावण का वंशज बताया जाता है। रावण स्वयं तो वनवासी कभी रहे ही नहीं थे एवं वे श्रीलंका के एक बुद्धिमान राजा थे। इस बात का वर्णन जैन रामायण में भी मिलता है। अब प्रशन्न यह उठता है कि जब रावण स्वयं एक ब्राह्मण था तो वह वंचित वर्ग का मसीहा या पूर्वज कैसे हो सकता है? जैन रामायण की तरह गोंडी रामायण भी रावण को पुलत्स वंशी ब्राह्मण मानती है, न कि आदिवासियों का पूर्वज, कुछ गोंड पुजारी रावण को अपना गुरु भाई भी मानते हैं, चूंकि पुलत्स ऋषि ने उनके पूर्वजों को भी दीक्षा दी थी। इस तरह के तथ्य भी इतिहास में मिलते हैं कि रावण अपने समय का एक बहुत बड़ा शिव भक्त एवं प्रकांड विद्वान था। रावण जब मृत्यु शैया पर लेटा था तब प्रभु श्री राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण से कहा था कि रावण अब मृत्यु के निकट है एवं प्रकांड विद्वान है अतः उनसे उनके इस अंतिम समय में कुछ शिक्षा ले लो। तब लक्ष्मण रावण के सिर की तरफ खड़े होकर शिक्षा लेने पहुंचे थे तो लक्ष्मण को कहा गया था कि शिक्षा लेना है तो रावण के पैरों की तरफ आना होगा। तब लक्ष्मण, रावण के पैरों के पास आकर खड़े हुए तब जाकर रावण ने लक्ष्मण को अपने अंतिम समय में शिक्षा प्रदान की थी। अतः रावण अपने समय का एक प्रकांड पंडित था।



भारतीय संस्कृति पर पूर्व में भी इस प्रकार के हमले किए जाते रहे हैं। भारत में समाज को आपस में बांटने के कुत्सित प्रयास कोई नया नहीं हैं। एक बार तो रामायण एवं महाभारत आदि एतिहासिक ग्रंथों को भी अप्रामाणिक बनाने के कुत्सित प्रयास हो चुके हैं। वर्ष 2007 में तो केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मातहत भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने एक हलफनामा (शपथ पत्र) दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि वाल्मीकीय रामायण और गोस्वामी तुलसीदासजी कृत श्रीरामचरितमानस प्राचीन भारतीय साहित्य के महत्त्वपूर्ण हिस्से हैं, लेकिन इनके पात्रों को एतिहासिक रूप से रिकार्ड नहीं माना जा सकता है, जो कि निर्विवाद रूप से इनके पात्रों का अस्तित्व सिद्ध करता हो या फिर घटनाओं का होना सिद्ध करता हो। ये बातें कितनी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। यह कहना कि प्रभु श्री राम और रामायण के पात्र (राम, भरत, लक्ष्मण, हनुमान, विभीषण, सुग्रीव और रावण, आदि) एतिहासिक रूप से प्रामाणिक सिद्ध नहीं होते, एक प्रकार से भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात ही था। हालांकि भारतीय जनमानस के आंदोलित होने पर उस समय की भारत सरकार को अपनी गलती का एहसास हुआ था और उसने अपने शपथ पत्र (हलफनामे) को न्यायालय से वापस मांग लिया था।

विभिन्न देशों में वहां की स्थानीय भाषाओं में पाए जाने वाले ग्रंथों एवं विदेशों तक में किए गए कई शोध पत्रों के माध्यम से भी यह सिद्ध होता है कि प्रभु श्री राम 14 वर्ष तक वनवासी बनकर ही वनों में निवास किए थे। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि प्रभु श्रीराम भी अपने वनवास के दौरान वनवासियों के बीच रहते हुए एक तरह से वनवासी ही बन गए थे। साथ ही, वनों में निवासरत समुदायों ने सहज ही उन्हें अपने से जुड़ा माना और प्रभु श्री राम उनके लिए देव तुल्य होकर उनमें एक तरह से रच बस गए थे। कई वनवासी एवं जनजाति समाजों ने तो अपनी रामायण ही रच डाली है। जिस प्रकार, गोंडी रामायण, जो रामायण को अपने दृष्टिकोण से देखती है, हजारों सालों से गोंडी व पंडवानी वनों में रहने वाले जनजाति समाजों की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा रही है। गुजरात के आदिवासियों में डांगी रामायण तथा वहां के भीलों में भलोडी रामायण का प्रचलन है। साथ ही, हृदय स्पर्शी लोक गीतों पर आधारित लोक रामायण भी गुजरात में राम कथा की पावन परम्परा को दशार्ती है।

इसके साथ ही, विदेशों में भी वहां की भाषाओं में लिखी गई रामायण बहुत प्रसिद्ध है। आज प्रभु श्री राम की कथा भारतीय सीमाओं को लांघकर विश्व पटल पर पहुंच गई है और निरंतर वहां अपनी उपयोगिता, महत्ता और गरिमा की दस्तक देती आ रही है। आज यह कथा विश्व की विभिन्न भाषाओं में स्थान, विचार, काल, परिस्थिति आदि में अंतर होने के बावजूद भी अनेक रूपों में, विधाओं में और प्रकारों में लिखी हुई मिलती है। यथा, थाईलैंड में प्रचलित रामायण का नाम रामकिचेन है। जिसका अर्थ है राम की कीर्ति। कम्बोडिया की रामायण रामकेर नाम से प्रसिद्ध है। लाओस में फालक फालाम और फोमचक्र नाम से दो रामायण प्रचलित हैं। मलेशिया यद्यपि मुस्लिम राष्ट्र है, परंतु वहां भी हिकायत सिरीरामा नामक रामायण प्रचलित है, जिसका तात्पर्य है श्री राम की कथा। इंडोनेशिया की रामायण का नाम ककविन रामायण है, जिसके रचनाकार महाकवि ककविन हैं। नेपाल में भानुभक्त रामायण और फिलीपीन में महरादिया लावना नामक रामायण प्रचलित है। इतना ही नहीं, प्रभु श्री राम को मिस्र (संयुक्त अरब गणराज्य) जैसे मुस्लिम राष्ट्र और रूस जैसे कम्युनिस्ट राष्ट्र में भी लोकनायक के रूप में स्वीकार किया गया है। इन सभी रामायण में भी प्रभु श्री राम के वनवास में बिताए गए 14 वर्षों के वनवास का विस्तार से वर्णन किया गया है।

# मिमिक्री कांड से जाटों की नाराजगी इंडिया गठबंधन को चुनावों में भारी पड़ सकती है

**संजय सक्सेना**

राज्यसभा के सभापति और कद्दावर जाट नेता जगदीश धनखड़ का जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद ने लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन के भीतर मजाक उड़ाया और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उसका हंस-हंस कर वीडियो बनाया उससे राजस्थान, हरियाणा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट काफी नाराज हैं। जाट समाज इसके खिलाफ महापंचायत बुलाकर बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकता है। आम चुनाव से कुछ समय पूर्व विपक्ष का इस तरह का रवैया उसके स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। टीएमसी सांसद के मिमिक्री कांड से पश्चिम बंगाल में भले ही ममता बनर्जी की पार्टी को कोई नुकसान नहीं हो, लेकिन राहुल गांधी के वीडियो बनाने वाले शर्मनाक कृत्य से राजस्थान और हरियाणा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़ा खेला हो सकता है, जिसका इंडिया गठबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़े तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। वहीं भाजपा मिमिक्री कांड से फायदे में नजर आ रही है।




मिमिक्री कांड सामने आते ही बहुजन समाज पार्टी ने तो इस मामले में अपना स्टैंड क्लियर करते हुए इस घटना को दुर्घटना पूर्ण बता दिया है लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और राष्ट्रीय दल के नेता चौधरी जयंत सिंह की चुप्पी से जाट समाज काफी आहत है। समय रहते इन दोनों नेताओं ने अपना स्टैंड क्लियर नहीं किया तो लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जाट बाहुल्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई सीटों पर बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, राज्यसभा सभापति पदेन उपराष्ट्रपति भी होता है। जगदीप धनखड़ पुराने जाट नेता हैं। उनकी उम्र भी हो चुकी है। नई दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में जाट समाज का बोलबाला है। जाट समाज यूं तो किसी को वोट दे पर समाज के प्रतिष्ठित शख्सियत के अपमान पर एकजुट नजर आता है। वैसे भी एक बुजुर्ग आदमी की बॉडी लैंग्वेज का मजाक बनाना बेहद भद्दा है। उसमें भी अगर यह किसी सांसद द्वारा किया जाए यह तो वास्तव में भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मिंदगी की बात है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने जो किया वो गलत है, पर राहुल गांधी ने जो किया वो बहुत ही अभद्रता की श्रेणी में आ जाता है। राहुल गांधी अगर वीडियो नहीं बनाते तो शायद यह मामला सामने आता नहीं आता क्योंकि आजकल तमाम दिग्गज हस्तियों की मिमिक्री के बहुत लोग वीडियो बना रहे थे और बहुत लोग देश के तमाम सम्मानित लोगों की बॉडी लैंग्वेज की नकल कर उनका मजाक बनाते रहते हैं। हो सकता है कि संसद में भी यह आए दिन होता हो। कल्याण बनर्जी को कौन जानता है। हो सकता है कि इसके पहले कल्याण बनर्जी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की भी इस तरह से हंसी उड़ा चुके हों पर चूंकि कल्याण बनर्जी को कोई जानता ही नहीं है इसलिए मामला तूल नहीं पकड़ता। राहुल गांधी विपक्ष के सबसे बड़े दल के सबसे बड़े नेता हैं। इंडिया गठबंधन अगर अस्तित्व में आता है, चुनावों में विजयी होता है तो उन्हें पीएम बनते हुए भी हम देख सकते हैं। इसलिए उनका वीडियो बनाना लोगों और उसमें भी खास का जाट समुदाय को बिल्कुल भी नहीं पचेगा। वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि इसको जाट समुदाय से जोड़कर देखना गलत है। उधर, दिल्ली और उसके आसपास के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट समुदाय ने भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया है। जगदीप धनखड़ के समर्थन में पालम के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने कहा इस मुद्दे पर हमने प्रमुख लोगों की मीटिंग बुलाई है। फिलहाल अभी पंचायत नहीं बुलाई गई है। उन्होंने कहा कि या तो टीएमसी सांसद माफी मांगें या हम बड़े स्तर पर पंचायत करेंगे और हो सका तो टीएमसी के सांसदों का मकान भी घेरेंगे। सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि उप राष्ट्रपति के हाव-भाव का प्रदर्शन करने के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जाट समाज किसान परिवार का अपमान नहीं सहेगा। राज्यसभा के सभापति का अपमान क्यों किया गया? क्योंकि वो किसान परिवार में जन्मे हैं? मुझे उम्मीद है ममता बनर्जी खुद माफी मांगने के साथ ही अपने सांसदों से माफी मंगवाने का काम करेंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और संसद की तुलना कोरियाई सदन से कर विपक्ष ने भारतीयों का दिल दुखाया

**नीरज कुमार दुबे**

भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला पवित्र स्थल भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मयार्दा और सम्मान को ठेस पहुँचा रहे हैं वह सचमुच आहत करने वाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है।

हम आपको बता दें कि अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को संविधान की कब्रगाह बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने दावा कर दिया है कि संसद जल्द ही उत्तर कोरियाई सदन की तरह हो जाएगी। कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि हम उत्तर कोरियाई सदन की तरह बनने वाले हैं और केवल एक चीज की कमी है कि जब प्रधानमंत्री सदन के अंदर आएं तो सब साथ मिलकर तालियां बजाएं। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है।

बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने की होड़ चल पड़ी है और हमारे संवैधानिक संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। कभी प्रधानमंत्री के लिए तानाशाह, हिटलर, नीच या कोई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किया जाता है तो कभी देश की राष्ट्रपति का अपमान कर दिया जाता है। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मयार्दा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। यहां यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू हों, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों...यह सभी साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इन सभी को राजनीति विरासत में नहीं मिली बल्कि यह जीवन में अभाव और संघर्षों पर विजय हासिल करते हुए यहां तक पहुँचे हैं लेकिन लगता है कि दिल्ली पर दशकों तक राज करने वाले राज परिवार के लोगों को यह सब भा नहीं रहा इसलिए सुनियोजित तरीके से शीर्ष पदों पर बैठे लोगों पर हमले किये और करवाये जा रहे हैं। विपक्ष ने ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला अपने मन मुताबिक नहीं आये तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देना, चुनाव हार गये तो ईवीएम पर सवाल उठा देना, नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या ईडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये तो सीबीआई पर राजनीतिक हमला कर देना अब विपक्षी नेताओं की आदत में शुमार हो चुका है। लेकिन यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये जो पब्लिक है ये सब जानती है और जनता की अदालत हर चुनाव में त्वरित न्याय करती है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति से सहानुभूति जताते हुए जो कुछ कहा है वह मात्र उनके समर्थन में खड़ा होना नहीं है बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के शब्दों से उनके मन की पीड़ा और चिंता की भी झलक मिलती है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि संसद परिसर में उपराष्ट्रपति को जिस तरह अपमानित किया गया, उससे वह बेहद व्यथित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने विचार रखने के लिए स्वतंत्र हैं लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शालीन तथा मयार्दा के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि हमारी संसदीय परंपराएं हैं जिन पर हमें गर्व है और हम उन्हें बरकरार रखने की आशा करते हैं। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को फोन कर संसद परिसर में कुछ सांसदों की ओर से अशोभनीय आचरण करते हुए उनका मजाक उड़ाए जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस बारे में उपराष्ट्रपति सचिवालय की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए एक पोस्ट में धनखड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का फोन आया और उन्होंने कल संसद के पवित्र परिसर में कुछ माननीय सांसदों द्वारा प्रदर्शित की गयी अपमानजनक नाटकीयता पर अत्यंत दुख व्यक्त किया। पोस्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने धनखड़ से कहा कि वह स्वयं पिछले 20 वर्षों से इस तरह का अपमान सहते आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, लेकिन देश के उपराष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद के साथ और वह भी संसद में... ऐसा होना दुर्भाग्यपूर्ण है। धनखड़ ने प्रधानमंत्री से कहा कि कुछ लोगों की बेतुकी हरकतें उन्हें अपना कर्तव्य निभाने और संविधान में निहित सिद्धांतों का सम्मान करने से नहीं रोक सकती हैं। उन्होंने कहा, मैं संवैधानिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हूं और इस प्रकार के अपमान मुझे अपने मार्ग से विचलित नहीं कर सकते।

इसके अलावा, राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने मंगलवार को यह भी कहा था कि यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का निरादर है। धनखड़ ने राज्यसभा में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से आहत हैं क्योंकि उनकी किसान और जाट पृष्ठभूमि को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा था, कल्पना कीजिए कि मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी जब आपके वरिष्ठ नेता ने एक संसद सदस्य द्वारा सभापति का मजाक उड़ाए जाने की वीडियोग्राफी की। बहरहाल, उपराष्ट्रपति के समर्थन में जाट नेताओं की ओर से जिस तरह प्रदर्शन किया जा रहा है उससे यह मुद्दा अब बड़ा राजनीतिक तूल पकड़ता हुआ भी नजर आ रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में जाटों की बड़ी आबादी निवास करती है। यदि प्रदर्शन इसी तरह बढ़ते रहे तो कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को सियासी नुकसान होना तय है।

# जिलाधिकारी ने की बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक



बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा-जिला टास्क फोर्स बैठक की समीक्षा की गई। इसमें मुख्य रूप से 11 बिंदुओं पर चर्चा की गई।ऑपरेशन कायाकल्प में 19 बिंदुओं पर समीक्षा की गई। इनमें स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे दिव्यांग शौचालय, वाउंडरीवाल और क्लासरूम के टाइलीकरण सेचुरेशन में नगर क्षेत्र, और नगरा कम प्रगति हुई है इसे जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ/मनरेगा के तहत निर्माण कार्य के लिए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने कानिर्देशित किया।जिलाधिकारी ने स्कूलों के निरीक्षण में जिला टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स के अंतर्गत आने वाले अधिकारियों को निर्धारित निरीक्षण के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्कूलों में डीबीटी पेंडेंसी एनालिटिक्स में बच्चों के आधार वेरीफिकेशन की लंबित मामलें को निस्तारित करने एवं एआरपी की उपलब्धता और शिक्षण सामग्री मुहैया कराने में प्रगति लाकर जनपद की रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 31 बिंदुओं के सापेक्ष कम सेचुरेशन वाले ब्लॉकों को प्रगति लाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण भारत मिशन में जितने भी पैरामीटर हैं उनमें से सबसे कम प्रदर्शन करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों की सूची बनाई जाए कि वे किन-किन पैरामीटर में पीछे हैं, तभी स्पष्ट जिम्मेदारी तय हो सकेगी। इस बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## पीएसी ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर काशी के राजधानी रामनगर को गौरवान्वित किया

प्रखर वाराणसी। रामनगर पीएसी 36 वीं वाहिनी की टीम ने प्रदेश स्तरीय चार में तीन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विजेता बना। रामनगर की सर्वश्रेष्ठ प्लाटून ड्रिल, डेमोंसट्रेशन, श्रेष्ठ बाढ़ राहत दल प्रतियोगिता में वाहिनी की टीम में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित बना है। परिणामस्वरूप उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पीएसी स्थापना दिवस 2023 के अवसर पर तीनों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने पर ट्रॉफी और नगद पुरस्कार सेनानायक आईपीएस डा अनिल कुमार पांडेय को देकर पुरस्कृत किया।इस अवसर पर सेनानायक ने पीएसी रामनगर परिसर में पीएसी के अधिकारी एवं जवानो के विजेता टीम को प्रोत्साहित कर बधाई और शुभकामना दिया। बेस्ट प्लाटून ड्रिल में पीसी अश्वनी पांडेय एवं उनकी पूरी प्लाटून को व्यक्तिगत रूप से शुभकामना दिया। श्रेष्ठ बाढ़ राहत दल में दलनायक अजीत प्रताप सिंह को बधाई दिया। डेमोंसट्रेशन में दलनायक निसार अहमद एवं सूबेदार मेजर भगवान सिंह यादव तथा पूरी टीम की



सराहना किया। इस अवसर पर राजेश कुमार सहायक सेनानायक, प्रमोद कुमार दुबे सहायक सेनानायक,अंबुज मिश्रा मुख्य प्रबंधक एसबीआई रामनगर, कैलाशनाथ यादव, शिविरपाल भगवान सिंह यादव- सूबेदार मेजर हरिओम राय प्रधान लिपिक,देवेश यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिंचाई विभाग में ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया



प्रखर वाराणसी। सिगरा, सिंचाई कालोनी वरुणापुरम स्थित वाराणसी मंडल के सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन के कर्मचारियों ने आज मुख्य अभियंता सोन कार्यालय के बाहर अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर काला फीता बांधकर विरोध में प्रदर्शन किया प्रदर्शन में मुख्य रूप से वाराणसी जनपद शाखा के अध्यक्ष श्री लाल जी पटेल, उपाध्यक्ष श्री अजीत यादव,जनपद सचिव साहिल सिंह, संयुक्त सचिव नितिन चौबे, प्रांतीय सचिव अशोक कुमार , कोषाध्यक्ष अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश यादव एवं अन्य सदस्यों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।

## ज़िला प्रशासन 23 को मनायेगा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह जयंती

सोनभद्र। ज़िलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को अवगत कराया है कि स्व0 चरण सिंह जी (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्म दिवस 23 दिसम्बर, 2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजे किसान सम्मान दिवस के रूप में राजकीय उद्यान परिसर लोढ़ी में जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी तथा सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलाजी योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के न्यूट्रीसिरियल घटक के अन्तर्गत दो दिवसीय मिलेट्स किसान मेला 23 व 24 दिसम्बर, 2023 को आयोजित किया जाना है, जिसमें कृषकों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा श्री अन्न उत्पादन एवं उपभोग के सम्बन्ध में तथा वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

## वसंता कालेज राजघाट की छात्राओं ने सीबीसी की प्रदर्शनी को बताया ज्ञानवर्धक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दस विजेता पाये पुरस्कार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ की ओर से गंगा के पावन तट नमो घाट पर आयोजित काशी तमिल संगमम स्थल पर लगाई गयी। चित्र प्रदर्शनी में बंगाली टोला इंटर कालेज और अन्य दर्शकों के मध्य केंद्रीय संचार ब्यूरो, वाराणसी द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे प्रधानमंत्री के मंत्र न्यूनतम सरकार अधितम शासन, ई-संजीवनी काशी एवं तमिलनाडु की सांस्कृतिक, धार्मिक विरासत, काशी और तमिलनाडु के भारत रत्न से सम्मानित व्यक्तित्व, विकसित भारत संकल्प यात्रा, स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े सवाल पूछे गये सही उत्तर बताने वाले दस



प्रतिभागी कमशः आकाश यादव, राहुल राज, अर्श पाण्डेय, राम निवास अब्दुल मुट्टशिर अर्थ पटवा, रंजीत पासवान, आदित्य सिंह, हितेश पटवा और आदर्श मौर्य रहे जिन्हे केंद्रीय संचार ब्यूरो वाराणसी की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वसंता कालेज फॉर ओमेन, राजघाट की छात्रा आँचल प्रजापति, सेजल सैनी, खुशी सोनी ने प्रदर्शनी को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया में प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक, सूचनाप्रद और प्रेरणादायक बताया ' प्रश्नोत्तरी का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी वाराणसी, डॉ लालजी ने करते हुए विद्यार्थियों विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर बिनीत, श्यामदेव प्रसाद अशोक कुमार विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डाबर च्यवनप्राश ने लॉन्च किया साइंस इन एक्शन अवेयरनैस कैंपेन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत की प्रमुख विज्ञान आधारित आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के फायदों और सेहतमंद जीवन शैली के बारे में जागरुक बनाने के लिए 21दिसम्बर गुरूवार को जागरुकता अभियान साइंस इन एक्शन की शुरूआत की है यह कैंपेन आयुर्वेद के संबंध में वैज्ञानिक रूप से जांचे गए तथ्यों के बारे में बताएगा ताकि परिवार सोच - समझकर अपने रोजमर्रा के विकल्पों को चुन सकें और स्वस्थ रह सकें इस अभियान के तहत डाबर, जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सकों के साथ 22 शहरों के स्कूलों में सेमिनार का आयोजन भी करेगा` ये सत्र बच्चों को बताएंगे कि किस तरह आयुर्वेद उनके समग्र स्वास्थ्य को सनिश्चित कर उज्जवल भविष्य का निर्माण करने में योगदान दे सकता है। साइंस इन एक्शन के तहत डाबर-सोशल मीडिया, प्रिंट प्लेटफॉर्म एवं अन्य ऑन- ग्राउण्ड एक्टिवेशन्स जैसे डाबर च्यवनप्राश इम्यून इंडिया कैंपेन के माध्यम से उपभोक्ताओं को आयुर्वेद के




बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराएगा `यह कैंपेन आम जनता को आयुर्वेद के पीछे निहित विज्ञान के बारे में जानकारी देगा इसके तहत जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सक उन्हें आयुर्वेद के प्रमाणित फायदों के बारे में बताएंगे। इस अभियान के हिस्से के रूप में और भावी पीढ़ियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए डाबर ने देश भर में बच्चों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक मेगा जागरूकता पहल शुरू की है इस पहल के तहत, डाबर च्यवनप्राश एक प्रसिद्ध डॉक्टर के साथ मिलकर बच्चों को बदलते मौसम,सामान्य बैक्टीरिया और वायरस के कारण होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली बनाने की आवश्यकता के बारे में शिक्षित करने के लिए प्रतिरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित करेगा` इस अभियान को आज वाराणसी में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल के 250 से अधिक बच्चों के लिए आयोजित एक विशेष सत्र के साथ हरी झंडी दिखाई गई। कैंपेन का लॉन्च करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड एजीएम मार्केटिंग, हेल्थ सप्लीमेन्ट्स श्री राकेश टहलियानी ने कहा आज के दौर में सभी लोग अपने स्वास्थ्य और कल्याण का महत्व समझ रहे हैं इसी को ध्यान में रखते हुए डाबर उन्हें विज्ञान पर आधारित जानकारी देकर परम्परा और आधुनिकता के बीच के अंतर को दूर करना चाहता है।

## 4 किग्रा नाजायज गांजा व चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर द्वारा अपराध एवम् अपराधियो के विरूद्द चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर , क्षेत्राधिकारी भुडकुडा के कुशल पर्यवेक्षण में बुधवार को उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा मय हमराह सिहोरी पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था कि मुखबिर खास के सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण रोहन यादव पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम सरैया थाना करण्डा जनपद गाजीपुर हाल पता ग्राम दयोपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर व पुनीत यादव पुत्र रामभजन यादव निवासी ग्राम इशोपुर मनीपुरा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर के कब्जे से 04 किग्रा0 नाजायज गाँजा व एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नं0 UP54ERY 0368 हीरो होण्डा स्पलेण्डर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 214/2023 धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट व 414 भा0द0वि0 में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगण को जेल भेजा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री के हाथों मिला सम्मान तो खिल उठे चेहरे मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद


प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री पहुंचे संतकबीरनगर जिले के बघौली ब्लाक के देवडीह गांव में जहा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में किया शिरकत ।इसी क्रम में सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनहित तथा लाभकारी योजनाओं के लाभान्वित पात्रों को मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया। आपको बता दे की जिले के सेमरियावा विकास खंड के सेमरियावा के ही रहने वाले जुबैर अहमद को प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित होने पर मुख्यमंत्री के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बताते चले की जुबैर अहमद राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज के संतकबीरनगर के जिला प्रभारी हैं तथा गोरखपुर परिक्षेत्र के मोदी मित्र भी हैं। जुबैर अहमद ने बताया की मुख्यमंत्री के हाथों से प्रशस्ति पत्र पाकर बहुत ही अच्छा लगा खुशी हुई और सरकार की योजना से भी हम बहुत खुश हैं और सरकार की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र को लाभ मिल रहा हैं । दीक्षित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में पहुंचकर



मुख्यमंत्री से मिलने का हमें जो सौभाग्य प्राप्त हुआ या बहुत ही अच्छा लगा और आज मेरे लिए बहुत ही खुशी का दिन है इसके लिए केंद्र सरकार मान्य मोदी जी को तथा उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को कोटि कोटि प्रणाम करता हूं तथा धन्यवाद देता हु।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने लगाई सेंगोल की रिप्लिका

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी-तमिल संगमम-2 के तहत नमो घाट पर लगे स्टाल एक सेंगोल रखा गया है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के इस स्टाल में रोजाना सैकड़ों लोग ये सेंगोल देखने आ रहे हैं यह नए संसद भवन में रखे संगोल की एकमात्र रिप्लिका है यह भी 5 फीट लंबी है चांदी और गोल्ड प्लेटेड है इस पर नंदी और ग्लोब समेत कई कलाकृतियां बनी हैं जो कि राजा के लिए संदेश और निर्देश की तरह काम करता है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, दिल्ली के लगे स्टाल के क्यूरेटर डॉ. सुजीत कुमार चौबे ने बताया कि इसका इतिहास तीन भाग में है नेहरू काल, चोल साम्राज्य और रामायण- महाभारत काल ` 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन का लोकार्पण किया था कहते हैं कि भारत की आजादी का प्रतीक यही सेंगोल ही था भारत को सत्ता का ट्रांसफर किया गया तो उसने यही सेंगोल ही जवाहरलाल नेहरू



को दिया था। तमिलनाडु के थिरुवावडुथुरई आधीनम ने सेंगोल को गंगा जल से साफ कराकर भारत के संसद भवन में रखवाया था दक्षिण भारत के चोल साम्राज्य का राजा उत्तराधिकारी को सत्ता सौंपने के दौरान सेंगोल ही देता था तमिलनाडु के महत्वपूर्ण मठों में से एक थिरुवावडुथुरई आधीनम के सन्यासियों ने सेंगोल को अपने धार्मिक कामकाज में रख लिया। विजयानगरम शासन, गुप्त काल,मौर्यकाल रामायण-महाभारत और वैदिक कालीन संस्कृतियों में भी सेंगोल के इस्तेमाल का उल्लेख है` रामायण और महाभारत काल में इसको राजदंड और धर्मदंड कहा गया है इसका अर्थ है कि एक निश्चित भू-भाग पर शासन करने और दंड देने का अधिकार राजा को है जब राजा को दंडित करना हो तो इसे धर्मदंड कहा जाता है` सेंगोल पर सबसे ऊपर नंदी की मूर्ति है गोल आधार पर बैठे हैं उसके नीचे गेंद की डिजाइन है नीचे तमिल में कुछ लिखा है कुछ महिलाएं भी बनी हैं। नंदी-शिव के वाहन माने जाते हैं शिव का द्वारपाल ही माना जाता है किसी भी शिव मंदिर में जाए तो वह केवल एक ही नजर से शिव पर नजर बनाए रखते हैं उनकी प्रतिमा कहीं और नहीं, केवल शिव के सामने ही होती है इससे यह साबित होता है कि नंदी स्थिर चित्त हैं` पूरा समर्पण और योग दिखता है इस तरह से सेंगोल के शीर्ष भाग पर बने नंदी राजा को धर्मपारायण, नीति, समर्पण स्थिर चित्त की याद दिलाता है ऐसे ही राजा जागरूक रहकर धर्म के मार्ग पर चलता है`

**गोलाकार आकृति** - नंदी जिस गोलाकार भाग पर बैठे हैं वह पूरे ब्रह्मांड का प्रतीक है इसका मतलब है कि ब्रह्मांड का कोई भी हिस्सा डिस बैलेंस होगा तो पूरी संरचना खराब हो जाएगी` राजा भ्रष्ट हो सकता है शासन करने वाले राजा को सबके साथ एक समान व्यवहार करना होता है इसी आधार पर निर्णय लेता है।

**गेंद आकार की डिजाइन**- वह मृत्युलोक का प्रतीक है जो राजा बनेगा वह जो भी काम करेगा, पूरे संसार में किसी का अहित न हो ` महिला- सेंगोल पर बनी महिला की कलाकृति बताती है कि वह धन-संपदा की प्रतीक हैं राजा धन का अधिकारी नहीं बल्कि संरक्षक होता है अधिकारी वही संगोल में बनी देवी है

**फूल-पत्तियां**- संगोल पर बनी फूल-पत्तियां दिखाती हैं कि राजा का राज्य धन-धान्य बना रहे खेती-किसानी और राशन की कमी न पड़े मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे`

**5 फीट का ही सेंगोल क्यों** - हर उत्तराधिकारी के हाथ में आया सेंगोल 5 फीट का इसलिए होता है क्योंकि सभी प्रजा एक समान है कोई बड़ा-छोटा नहीं है हर किसी को एक समान लाभ और दंड देना है इसलिए कभी भी इसकी हाईट के साथ कभी खिलवाड़ नहीं किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस के प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा मिली 10 साल कारावास की सजा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना सैदपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 79/2023 धारा 363, 376 DA, 307, 506, 34 भादवि 5g/5R /6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्त शैलेश कुमार पुत्र किशुनदेव राम निवासी नंदरौला बौरवा थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्त उपरोक्त को धारा 307 व 34 भादवि में 10 वर्ष का कारावास व 10000 रुपये का अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 01 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 6 पाक्सो एक्ट में आजीवन कारावास तथा 20000 रुपये के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास, धारा 506 भादवि में 02 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया ।

### महिला पुलिस ने सुलह कराकर पारिवारिक जोड़े को मिलाया



प्रखर महाराजगंज। जनपद महाराजगंज मे पारिवारिक विवाद का निपटारा करते हुए महिला थाने के पुलिस ने पति-पत्नी के जोड़े को मिलाया ।जिले के ही रूधौली भावचक निवासी व्यक्ति की पुत्री जिसकी शादी बागापार के सडकहियां टोले पर हुई थी । पति-पत्नी के बीच कहासुनी को लेकर प्रार्थिनी ने ससुराल वालों के खिलाफ पति समेत सास ससुर पर आरोप लगाते हुए महिला थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार की। ऐसे में महिला थाना प्रभारी रंजना ओझा और उपनिरीक्षक संजीत सिंह ने मामले की जांच की और पाया कि मामले में मनमुटाव और बाहरी लोगों के हस्तक्षेप की वजह से मामला बिगड़ा हुआ था ।ऐसे में पुलिस टीम के द्वारा दोनो पक्षों को काफी प्रयास करने के बाद समझा बुझा कर राजी किया गया तब जाकर पति पत्नी राजी खुशी रहने के लिए तैयार हो गए । इस दौरान महिला थाना प्रभारी रंजना ओझा, उप निरीक्षक संजीत सिंह और कॉन्स्टेबल किरण मिश्र उपस्थित रहे।

### बेटी की तलाश में पिछले दो माह से दर दर भटक रही है एक मां

प्रखर जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के बाजार स्थित एक विवाहिता काल्पनिक नाम आयशा जो की बीते 6 नवंबर से लापता हो गई है आपको बता दें कि आयशा की शादी बीते नवंबर माह में ही जिले के मछलीशहर थाना क्षेत्र के बरईपार में हुई थी और शादी के कुछ दिन बाद ही उसकी तबियत खराब हो गई जिसका इलाज करवाने वो अपने मायके गौराबादशाहपुर आई हुई थी आयशा के पति का कहना है कि आयशा के लापता होने के दो दिन पहले बातचीत हो रही थी अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया तो आयशा के पति ने उसकी जानकारी अपने ससुराल वालों से ली तो उसके पति से ससुराल वालों ने बहाना बना दिया जब पति ने कहा की मैं कल आ रहा हूं आयशा को लेने के लिए तो आयशा की मां ने अपने दामाद को आप बीती सुनाई दामाद आप बीती सुनते ही दंग रह गया और आनन फानन में ससुराल पहुंचा और गौराबादशाहपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई आयशा के पति का आरोप है कि उसकी सुनवाई थाना पुलिस नही कर रही है इस संबध में चौकी प्रभारी राम जी सैनी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है लड़की की तलाश जारी है।

### नशीली दवाओं के दो कारोबारियों को भेजा गया जेल




प्रखर महाराजगंज ।जनपद महाराजगंज के इण्डोनेपाल बार्डर के समीप थाना क्षेत्र नौतनवा कस्बे में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी के दौरान दो बड़े कारोबारी के घर से नशीली दावों का जखीरा बरामद किया ।तथा दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करते हुए जेल भेजने का कार्य किया गया। उक्त प्रकरण के संबंध में क्षेत्राधिकारी नौतनवा ने बाइट दी ।थाना नौतनवा पुलिस,स्वाट व एसएसबी एवं ड्रग्स इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम द्वारा एक व्यक्ति के घर छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित नशीली दवाइयां बरामद की गई है दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकडे गए दोनों अभियुक्त नौतनवा कस्बे के बडे ब्यापारी हैं।

### जमीनों के रजिस्ट्री पर लगे रोक को हटाने की मांग, पिंडरा तहसील के 36 गांवों में रजिस्ट्री पर लगी है रोक

पिंडरा। काशी द्वार व एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी कई महीनों से उक्त गांवों के जमीनों के क्रय विक्रय पर रोक लगाने से किसानों व आम लोगों में रोष व्याप्त है। रघुनाथपुर के किसान बृजेश दुबे व पिंडरा के महेंद्र पटेल ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के तहत चिन्हित भूमि रजिस्ट्री होने का कार्य प्रगति पर होने के बावजूद एडीएम वित्त व राजस्व द्वारा रोक लगाए जाने से शादी-विवाह व बीमारी के अन्य जरूरत के लिए लोग जमीन नही बेच पा रहे हैं। किसान एनओसी लेने के लिए तहसील से लगायत जिलाधिकारी कार्यालय तक का चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि अधिग्रहण की जाने वाली जमीनों का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसके बावजूद अन्य जमीनों पर अनावश्यक रोक लगी हुई है। बताते चलें कि पिंडरा तहसील के 36 गांवों में इन दिनों रजिस्ट्री पर रोक लगी हुई है।

### एंटी रोमियो टीम ने बच्चों एवं महिलाओं को किया जागरूक

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा चलाए जा रहे महिला सुरक्षा के क्रम में स्कूल मैं छात्राओं को एवं सड़कों पर महिलाओं को एंटी रोमियो टीम द्वारा जागरुक करते हुए जानकारी दी गई ।एंटी रोमियो टीम थाना नौतनवा द्वारा बच्चों/महिलाओं को जागरूक किया गया। उनको हेल्पलाइन नंबरों,1090,1098,112,व धारा363,366,पाक्सोंएक्ट2012,गार्जियनशिप ,बाल विवाह ?आदि के बारे में बताया गया। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर चेतावनी दी गई ।

## लोकसभा में क्रिमिनल लॉ बिल पास होने के बाद बोले शाह

# तीनों कानून न्याय, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर आधारित

## क्रिमिनल लॉ बिल के कानून बनने पर होंगे अहम बदलाव

### पुराने कानूनों की जगह लेने वाले नए कानून

भारतीय दंड संहिता, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता लेगा।

सीआरपीसी, 1998 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 अमल में आएगा।

भारतीय साक्ष्य कानून, 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 अमल में आएगा।

**नई दिल्ली।** आपराधिक कानूनों से जुड़े तीन बिल बुधवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पास हो गए हैं। इनका उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना और भारतीय सोच पर आधारित न्याय प्रणाली स्थापित करना है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को लोकसभा से मंजूरी मिल गई है। ये तीनों विधेयक भारतीय दंड संहिता-1860, दंड प्रक्रिया संहिता अधिनियम-1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। लोकसभा में इन तीनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रस्तावित कानून व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए थे और उन्होंने अनुमोदन के लिए सदन के सामने लाने से पहले मसौदा विधानों के हर अल्पविराम और पूर्ण विराम को देखा था। उन्होंने कहा कि मौजूदा आपराधिक कानून न्याय प्रदान करने के बजाय दंडित करने के इरादे से औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाते हैं। लोकसभा द्वारा ध्वनि मत से विधेयकों को पारित करने से पहले अमित शाह ने कहा कि तीन नए विधेयक भारतीय सोच पर आधारित न्याय प्रणाली स्थापित करने का प्रयास है। साथ ही कहा कि तीन प्रस्तावित आपराधिक कानून लोगों को औपनिवेशिक मानसिकता और उसके प्रतीकों से मुक्त करेंगे।



### आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव की तैयारी

- **484** धाराएं सीआरपीसी में पहले थीं
- **531** धाराएं अब इसमें होंगी
- **177** धाराओं में बदलाव किए गए हैं
- **09** नई धाराएं जोड़ी गई हैं
- **39** नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं
- **44** नए प्रावधन जोड़े गए हैं

### अब जज को 43 दिन में देना होगा फैसला

देश में कई केस लटके हुए हैं, बॉम्बे ब्लास्ट जैसे केसों के आरोपी पाकिस्तान जैसे देशों में छिपे हैं। अब उनके यहां आने की जरूरत नहीं है। आरोपी अगर 90 दिनों के भीतर कोर्ट के सामने पेश नहीं होते हैं, तो उसकी गैरमौजूदगी में ट्रायल होगा, फांसी भी होगी, जिससे आरोपियों को उस देश से वापस लाने की प्रोसेस आसान होगी। अब लंबे समय तक किसी को जेल में नहीं रख सकते, अगर उसने सजा का एक तिहाई समय जेल में गुजार लिया है, तो उसे रिहा किया जा सकता है। गंभीर मामलों में आधी सजा काटने के बाद रिहाई मिल सकती है। जजमेंट सालों तक नहीं लटकाया जा सकता। मुकदमा समाप्त होने के बाद जज को 43 दिन में फैसला देना होगा।

### तीनों बिल पीएम मोदी के विजन का हिस्सा

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि ये तीनों क्रिमिनल कानून पीएम मोदी के विजन का हिस्सा हैं। जनता मांग करती थी कि हमें सजा नहीं चाहिए, हमें न्याय चाहिए। मोदी जी के नेतृत्व में आज हम वो कर रहे हैं। जब हम न्याय कहते हैं, तो इसमें बड़े पैमाने पर ध्यान जाता है। इसमें पीड़ित और आरोपी दोनों आ जाते हैं। दंड में लोग सिर्फ आरोपी की ओर देखते थे। अमित शाह ने कहा,कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने गुलामी की मानसिकता को मिटाने की दिशा में काम किया है... पीएम ने लाल किले की प्राचीर से कहा था कि औवनिवेशिक कानून से मुक्ति मिलनी चाहिए और इसी के तहत गृह मंत्रालय ने कानूनों को बदलने के बारे में काम करना आरंभ किया।

#### पुलिस की जवाबदेही होगी तय

शाह ने कहा- नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी। पहले किसी की गिरफ्तारी होती थी, तो उसके परिवार के लोगों को जानकारी ही नहीं होती थी। अब कोई गिरफ्तार होगा तो पुलिस उसके परिवार को जानकारी देगी। किसी भी केस में 90 दिनों में क्या हुआ, इसकी जानकारी पुलिस पीड़ित को देगी।

#### फॉरेंसिक जांच पर जोर

कई लोगों ने अलग-अलग सुझाव दिए हैं, सबसे बड़ी बात है इस बिल में कई नई चीजों को जगह दी गई है। जांच को हमने फॉरेंसिक जांच को जोर दिया है। जांच में टेक्नोलॉजी का इस्तेतमाल किया जाएगा। आज के बाद देश में तीन प्रकार की न्याय प्रणाली है, इस बिल के पास होने के बाद देश में एक तरह की न्याय प्रणाली होगी।

**गुलामी की मानसिकता से मुक्ति** इन विधेयकों के माध्यम से सरकार ने तीनों आपराधिक कानूनों को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराया है। उनका कहना था कि पहले के कानूनों के तहत ब्रिटिश राज की सलामती प्राथमिकता थी, अब मानव सुरक्षा, देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कांग्रेस पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि अगर मन इटली का है तो ये कानून कभी समझ नहीं आएगा, लेकिन अगर मन यहां का है तो समझ आ जाएगा।

**भारतीय संविधान और भारत की जनता की चिंता:** शाह बोले, इस ऐतिहासिक सदन में करीब 150 साल पुराने तीन कानून, जिनसे हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली चलती है, उन तीनों कानूनों में पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में भारतीयता, भारतीय संविधान और भारत की जनता की चिंता करने वाले बहुत आमूल-चूल परिवर्तन लेकर मैं आया हूं। उन्होंने कहा, आतंकवाद की व्याख्या अब तक किसी भी कानून में नहीं थी।

## भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं के लिए कितने बदल जाएंगे कानून?



कौन सा कृत्य, कब अपराध में बदल जाता है और उसके लिए क्या सजा होनी चाहिए? यह फिलहाल भारतीय दंड संहिता के तहत तय होता है। 500 से ज़्यादा धाराओं में अलग अलग अपराधों और उनके लिए दी जाने वाली सज़ा को परिभाषित किया गया है। करीब 160 साल पुराने इन कानूनों में समय-समय पर जोड़-घटाव भी किया जाता है, लेकिन इसके स्वरूप को नहीं बदला गया। अब भारत सरकार एक बड़ा बदलाव करने जा रही है। बिल पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 1860 से 2023 तक अंग्रेजों के बने हुए कानून के आधार पर इस देश की आपराधिक न्याय प्रणाली चलती रही। इसकी जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे और हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के अंदर बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए खास कदम उठाए गए हैं। आईपीसी की तुलना में भारतीय न्याय संहिता 2023 बिल, इन अपराधों को रोकने में कितनी ज्यादा कारगर साबित होगी।

### पहचान छिपाकर शादी

**सजा: प्रस्तावित कानून-** की धारा 69 के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति शादी, रोजगार या प्रमोशन का झूठा वादा कर महिला से यौन संबंध बनाता है तो उसे सजा होगी।यह सजा दस साल तक बढ़ाई जा सकती है और इसके साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है।इस धारा के तहत अगर कोई व्यक्ति पहचान छिपाकर शादी करता है तो उस पर भी दस साल तक की सजा का नियम लागू होगा। हालांकि इस धारा के अंतर्गत आने वाले मामलों को रेप की श्रेणी से बाहर रखा गया है।

**आईपीसी-** में शादी के झूठा वादा कर यौन संबंध बनाना, रोज़गार या प्रमोशन का झूठा वादा करना और पहचान छिपाकर शादी करने जैसी चीजों के लिए कोई साफ-साफ प्रावधान नहीं हैं।इस तरह के मामलों को आईपीसी की धारा 90 के तहत कवर किया जाता है, जहां झूठ के आधार पर ली गई सहमति को गलत माना जाता है। इस तरह के मामलों में आईपीसी की धारा 375 के तहत आरोप लगाए जाते हैं। यह धारा रेप जैसे अपराध को परिभाषित करती है।

### रेप के मामले

**आईपीसी-** रेप करने पर आईपीसी की धारा 376 के तहत कम से कम दस साल की सज़ा और जुर्माने का प्रावधान है, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है, लेकिन अगर यह अपराध कोई पुलिस अधिकारी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों का सदस्य, महिला का रिश्तेदार, हॉस्पिटल का स्टाफ जैसे व्यक्ति करते हैं, या अपराध किसी ऐसे स्थान पर होता है जो महिलाओं की हिफाजत से जुड़ा है तो सजा और कठोर हो जाती है। ऐसे में अगर दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा मिलती है तो उसे अपना बचा हुआ शेष जीवन जेल में ही बिताना होगा। **प्रस्तावित कानून-** धारा 64 में इन अपराधों के लिए सजा बताई गई है और कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### 16 साल से कम उम्र की लड़की से रेप

**आईपीसी-** धारा 376 डीए के तहत कम से कम बीस साल की सज़ा और जुर्माने का प्रावधान है। सज़ा को आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। यहां आजीवन कारावास का मतलब है कि दोषी व्यक्ति को बचा हुआ शेष जीवन जेल में बिताना होगा। **प्रस्तावित कानून:** कोई बदलाव नहीं

**12 साल से कम उम्र की लड़की से रेप**

आईपीसी- धारा 376 एबी के तहत जुर्माने के साथ कम से कम बीस साल की सजा, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही मृत्युदंड का प्रावधान भी किया गया है।

**प्रस्तावित कानून-** धारा 65(2) में सज़ा का प्रावधान है और कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**नाबालिग से गैंगरेप के मामले में मृत्युदंड :** आईपीसी- धारा 376डी के तहत गैंगरेप के मामले में दोषी व्यक्ति को कम से कम बीस साल की सज़ा, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है यानी दोषी व्यक्ति को बचा हुआ शेष जीवन जेल में बिताना होगा। अगर गैंगरेप के मामले में लड़की की उम्र 12 साल से कम है तभी मृत्युदंड का प्रावधान है।

**प्रस्तावित कानून-** धारा 70(2) के तहत गैंगरेप के मामलों में सजा को और कठोर बनाया गया है। अगर लड़की की उम्र 18 साल से कम है, तो दोषी को मृत्युदंड भी दिया जा सकता है।

## दिल्ली मेट्रो महिला के परिजन को 15 लाख रुपए देगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन 14 दिसंबर को दिल्ली के इंद्रलोक स्टेशन पर हादसे में मारी गई महिला के परिजन को 15 लाख रुपए देगा। इसमें 5 लाख रुपए मुआवजा और महिला के बच्चों की परवरिश के लिए 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद शामिल है। इसकी जानकारी डीएमआरसी ने ट्वीट कर दी। मेट्रो के गेट में साड़ी फंसने से 35 साल की महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में आवास और शहरी मामलों के मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने डीएमआरसी को निर्देश दिया कि बच्चों की देखभाल और शिक्षा की भी जिम्मेदारी दिल्ली मेट्रो की होगी। महिला के पति की मौत 8 साल पहले हो गई थी।

### अनाथ हुए बच्चों की परवरिश भी करेगा डीएमआरसी, मेट्रो के गेट में फंसकर हुई थी मौत

**हादसे की जांच शुरू:** मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) ने इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि ट्रेन के सेंसर सिस्टम में किसी तकनीकी गड़बड़ी के चलते यह हादसा हुआ होगा। उसी को ध्यान में रखते हुए कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी के द्वारा इस हादसे की जांच की जा रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाकर यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोबारा ऐसी घटना ना हो।

### महीनेभर में तैयार होगी रिपोर्ट

मामले की जांच में सहयोग करने और अधिक जानकारी देने के लिए रेल सुरक्षा आयोग ने आम लोगों से अपील भी की थी कि अगर उनके पास इस घटना से जुड़ा कोई वीडियो या महत्वपूर्ण जानकारी है, तो वे शास्त्री पार्क मेट्रो डिपो में पहुंचकर सीएमआरएस को इस बारे बता सकते हैं। सीएमआरएस ने इंजीनियर्स की टीम के साथ ट्रेन की तकनीकी जांच भी शुरू कर दी है। इसके अलावा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से भी इस घटना के संबंध में जानकारियां ली जा रही है। फाइनल रिपोर्ट सबमिट होने में महीने भर का या उससे ज्यादा वक्त भी लग सकता है।

## शराब तस्करों ने दरोगा पर चढ़ाई गाड़ी, पुल से गिरा, मौत

**बेगूसराय।** बेगूसराय में शराब तस्करों के हमले में एक दरोगा की मौत हुई है। एक होमगार्ड जवान घायल है। मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे छतौना पुल पर दरोगा तीन होमगार्ड जवानों के साथ गाड़ियों को चेक कर रहे थे। तभी एक अल्टो कार सामने से आई। टीम गाड़ी को रोकने के लिए सामने खड़ी हो गई, लेकिन ड्राइवर ने रोकने की जगह पुलिस वालों पर गाड़ी चढ़ा दी। दरोगा खमास चौधरी पुल से 25 फीट नीचे गिर गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। होमगार्ड का जवान बालेश्वर यादव भी गाड़ी की चपेट में आया।

## सोनिया बोलीं-सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया



### कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कहा- पहले कभी इतने विपक्षी सांसदों को सस्पेंड नहीं किया गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया है। इससे पहले कभी इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को सस्पेंड नहीं किया गया था, वो भी एक वाजिब मांग रखने के लिए। सोनिया ने ये बात कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की मीटिंग में कही। यह बैठक आज संसद के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में की गई। सोनिया ने कहा कि 13 दिसंबर को जो हुआ वह स्वीकार्य नहीं है और उसे सही नहीं ठहराया जा सकता है। इस मामले पर देश को संबोधित करने में प्रधानमी नरेंद्र मोदी को चार दिन लग गए, वो भी उन्होंने संसद के बाहर किया। ऐसा करके उन्होंने संसद की गरिमा के प्रति तिरस्कार और देश की जनता के प्रति अपनी उपेक्षा जाहिर की है। दरअसल, 14, 18 और 19 दिसंबर को लोकसभा और राज्यसभा से 141 सांसद सस्पेंड हुए।

## किर्गिस्तान संसद से राष्ट्रीय ध्वज बदलने बिल को मंजूरी

**बिश्केक।** किर्गिस्तान की संसद ने राष्ट्रीय ध्वज को बदलने के लिए एक विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। संसद के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा कि बुधवार को सुप्रीम काउंसिल की बैठक में सांसदों ने 'किर्गिज गणराज्य के कानून में संशोधन' पर 'किर्गिज गणराज्य के राज्य प्रतीकों पर' विधेयक पर विचार किया और दूसरी और तीसरी रीडिंग में इसे मंजूरी दे दी। संसदीय अध्यक्ष नुरलानबेक शाकिएव और विधायक उलान प्रिमोव के ध्वज को बदलने की योजना को राष्ट्रपति सदिर जापारोव ने समर्थन दिया।विधेयक में टुंडुक (यर्ट के शीर्ष) के चारों ओर झंडे पर स्थित सूर्य की किरणों के लहरदार आकार को सीधे में बदलने का सुझाव दिया है।

## मैनेजर ने मां-पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए 28.7 करोड़ रुपए

### 20 बार में रकम भेजी, बैंक की विजिलेंस टीम ने पकड़ा, नोएडा में धोखाधड़ी का केस दर्ज

**नोएडा।** साउथ इंडियन बैंक में बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। यहां सहायक प्रबंधक ने अपनी मां और पत्नी के बैंक अकाउंट में निजी कंपनी के 28.7 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। एसोसिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन कंपनी की तरफ से बैंक तक केस पहुंचाए जाने के बाद खलबली मची।

बैंक की विजिलेंस जांच में इतनी बड़ी रकम किन अकाउंट में ट्रांसफर हुई, ये सामने आ गया। साउथ इंडियन बैंक लि. के जेडएम दिल्ली रैनजीत आर नायक ने केस दर्ज कराया है। पुलिस ने सहायक प्रबंधक राहुल शर्मा, उनकी पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा शर्मा समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपी फरार हैं। जांच में पता चला कि सेक्टर-48 स्थित एसोसिएट इलेक्ट्रॉनिक्स रिसर्च फाउंडेशन नामक कंपनी के खाते से एबीएम राहुल शर्मा ने 28.07 करोड़ पत्नी भूमिका शर्मा और मां सीमा समेत अन्य के खातों में 20 बार ट्रांसफर कर कंपनी व बैंक के साथ धोखाधड़ी की है।

## पीएम मोदी से मिलीं ममता बनर्जी

### मीटिंग के बाद बोलीं- केंद्र ने गरीबों का पैसा रोका

#### इंडिया गठबंधन की बैठक में मैंने ही की थी खड़गे के नाम की सिफारिश



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने केंद्र की तरफ से बंगाल को मिलने वाला फंड रोके जाने की शिकायत की। इस मुद्दे पर पीएम मोदी ने ममता बनर्जी से कहा कि राज्य और केंद्र के अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाएंगे। मीटिंग के बाद ममता ने बताया कि केंद्र ने गरीबों का पैसा रोक दिया है। वहीं, 19 दिसंबर को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम पीएम कैंडिडेट के तौर पर रखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने ही खड़गे के नाम की सिफारिश की थी। पीएम मोदी से मीटिंग के बाद ममता बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

#### ममता ने टीएमसी के 9 नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

ममता बनर्जी ने कहा कि आज टीएमसी के 10 नेताओं ने पीएम मोदी से मुलाकात की है। केंद्र के पास राज्य का 1.16 लाख करोड़ रुपए बकाया है। हमें 100 दिन का बकाया फंड नहीं दिया जा रहा है। कई योजनाएं भी हैं, जिनका फंड रोक दिया गया है। पीएम से मैंने कहा कि गरीबों का पैसा रोकना ठीक नहीं है। इसे लेकर आज पीएम ने मेरी बात को ध्यान से सुना और कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी आपस में बैठकर तय करेंगे।

## चुराचांदपुर में आदिवासियों के 87 शव सामूहिक रूप से दफनाए गए



**इम्फाल।** मणिपुर की जातीय हिंसा में लगभग आठ महीने पहले मारे गए 87 कुकी-ज़ो आदिवासियों का अंतिम संस्कार बुधवार को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया, जिसमें महिलाओं और उनके रिश्तेदारों सहित हजारों लोग चुराचंदपुर जिले में किए गए सामूहिक दफन में शामिल हुए। 15 दिसंबर को समुदाय के 19 आदिवासियों का अंतिम संस्कार कांगपोकपी जिले में एक समान सामूहिक दफन समारोह में किया गया था। ये आदिवासी मई में हुई जातीय हिंसा में मारे गए थे। पुलिस अधिकारियों और आदिवासी संगठन के सूत्रों ने कहा कि महिलाओं और बच्चों सहित मारे गए 87 कुकी-ज़ो आदिवासियों के शव लगभग आठ महीने से विभिन्न जिलों के विभिन्न मुर्दाघरों में रखे हुए थे। शवों में एक महीने का बच्चा भी शामिल है। आदिवासी स्वयंसेवकों ने मारे गए लोगों के सम्मान में बंदूकों की सलामी दी, जिन्हें उन्होंने शहीद कहा। दफनाने से पहले, आदिवासी बहुल चुराचांदपुर के तुईबुओंग के मैदान में एक शोकसभा और सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया। चुराचांदपुर जिले में भारी सुरक्षा और निषेधाज्ञा के बीच पारंपरिक और धार्मिक अनुष्ठानों और कई प्रदर्शनों के बाद शवों का सामूहिक दफन हुआ।

### मणिपुर हिंसा दर्दनाक मंजर

## आज का इतिहास

- **1784:** जॉन जे अमेरिका के पहले विदेश मंत्री बने।
- **1898:** रसायन शास्त्री पियरे, उनकी पत्नी मेरी क्यूरी ने रेडियम की खोज की। इसका इस्तेमाल कैंसर के इलाज के लिए भी होता है। दोनों 1903 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित।
- **1910:** इंग्लैंड के हुलटन में कोयला खदान विस्फोट,344 श्रमिकों की मौत।
- **1914:** अमेरिका में पहली मूक हास्य फीचर फिल्म 'तिल्लीस पंचर्ड रोमांस' रिलीज हुई।
- **1921:** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने धरना प्रदर्शन और काम रोकने को असंवैधानिक घोषित किया।
- **1923:** ब्रिटेन के संरक्षित राज्य के दर्जे से मुक्त होकर नेपाल पूर्ण स्वतंत्र देश।
- **1931:** अर्थर वेन का बनाया दुनिया का पहला क्रॉसवर्ड न्यूयॉर्क वल्र्ड अखबार में प्रकाशित हुआ।
- **1937:** स्नोवाइट एंड सेवन ड्वॉर्फ्स नाम की कार्टून मूवी रिलीज हुई।

Filmi तड़का

## फिल्म फाइटर में ऋतिक एक बार फिर यूनिफॉर्म में नजर आएंगे



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन फिल्म 'फाइटर' में कई वर्षो के बाद वायुसेना पायलट की यूनिफॉर्म में नजर आने वाले है और उनके साथ-साथ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर और करण सिंह ग्रोवर जैसे सितारे फिल्म में अपना किरदार निभाते दिखाई देंगे। इस एक्शन फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ दीपिका पादुकोण की रोमांटिक केमिस्ट्री भी नजर आयेगी। फिल्म रिलीज से पहले ही सामने आए टीजर में इसकी झलक देखने को मिली है और अब एक नया गाना आने वाला है, जिसमें दोनों कलाकार बोल्डनेस का तड़का लगाते दिखेंगे। इस गाने को समुद्र किनारे फिल्माया गया है, जिसमें दीपिका पादुकोण स्विमसूट में दिखेंगी। वहीं ऋतिक रोशन बिना कमीज पहने नजर आने वाले हैं। दोनों की केमिस्ट्री कमाल की होने वाली है। इस गाने को लेकर'फाइटर'स्टार ऋतिक रोशन ने अपडेट साझा किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस गाने का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें दीपिका पादुकोण ब्लैक मोनॉकिनी में नजर आ रही हैं। ऋतिक रोशन दीपिका को कमर से पकड़े दिख रहे हैं।

## फिल्म सालार को ए सर्टिफिकेट मिलने से निर्देशक प्रशांत नील नाखुश



**मुंबई।** प्रभास स्टारर फिल्म सालार रिलीज होने में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए है और इस फिल्म को लेकर फिल्म प्रशंसको की उत्सुकता काफी बढ़ गयी है, लेकिन फिल्म सालार के निर्देशक प्रशांत नील ने फिल्म को ए सर्टिफिकेट मिलने को लेकर निराशा व्यक्त की है और सेंसर बोर्ड के इस फैसले से वह नाखुश हैं। इस साल 'आदिपुरुष' जैसी फिल्म करने के बाद प्रभास बहुत जल्द फिल्म 'सालार' में नजर आने वाले हैं। प्रभास की आने वाली इस फिल्म को लेकर चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। रिलीज से पहले'सालार पार्ट-1 सीजफायर'को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानी सेंसर बोर्ड की तरफ से मिले ए सर्टिफिकेट को लेकर यह फिल्म सुर्खियों में है।

## ब्राजील, मिस्र और फिलीपींस में दुश्मनों को तबाह करेगी आकाश मिसाइल

**नईदिल्ली।** भारत के आकाश मिसाइल में विदेशों ने अपनी रुचि दिखानी शुरु की है। अब विदेशों को स्वदेशी हथियार निर्यात किए जाएंगे। फिलहाल मिसाइल अभी तक आर्मेनिया को बेची गई है। वर्तमान में भारत को 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का ऑर्डर मिला है। रक्षा अधिकारियों ने कहा कि अगले कुछ महीनों में आर्मेनिया को डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच ब्राजील, मिस्र और फिलीपींस सहित कई देशों ने आकाश मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### एयरबीएनबी पर जुर्माना

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने बुधवार को एयरबीएनबी को 1.5 करोड़ आस्ट्रेलियाई डालर (एक करोड़ अमेरिकी डालर) का जुर्माना चुकाने का आदेश दिया है। इसके अलावा किराए पर आवास सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी को अपने ग्राहकों को मुआवजा देने के लिए इतना ही भुगतान करना पड़ सकता है। इन ग्राहकों को कंपनी ने यह जानकारी नहीं दी थी कि उनसे किराया आस्ट्रेलियाई नहीं अमेरिकी डालर में लिया जाना है। एयरबीएनबी ने जनवरी, 2018 और अगस्त, 2021 के बीच आस्ट्रेलियाई उपयोगकर्ताओं को गलत या भ्रामक जानकारी देने की बात स्वीकार की थी।

### लिस्टेड हुए डोम्स के शेयर

नई दिल्ली। पेंसिल और स्टेशनरी उत्पाद बनाने वाली कंपनी डोम्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर की बुधवार को शेयर बाजारों में शानदार शुरुआत हुई। कंपनी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 790 रुपये पर 68 प्रतिशत के लाभ के साथ बंद हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर कंपनी का शेयर 1,400 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 77.21 प्रतिशत की बढ़त है। बाद में बीएसई पर कंपनी का शेयर 81.55 प्रतिशत की बढत के साथ 1,434.25 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 68.46 प्रतिशत ऊपर पर बंद हुआ।

### इंडिया शेल्टर सूचीबद्ध हुई


नई दिल्ली। इंडिया शेल्टर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड का शेयर बुधवार को 493 रुपये के निर्गम मूल्य पर लगभग 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर की शुरुआत अपने निर्गम मूल्य से 24.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 612.70 रुपये पर हुई। बाद में यह 26.77 प्रतिशत चढ़कर 625 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर कंपनी का शेयर 25.76 प्रतिशत के उछाल के साथ 620 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। सुबह के कारोबार में कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,236.26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आईपीओ को अंतिम दिन 36.62 गुना अभिदान मिला था।

### ब्लैकस्टोन ने हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। वैश्विक कोष ब्लैकस्टोन ने शेयर बाजारों में थोक सौदे में एम्बैसी आफिस पार्क्स रीट में अपनी समूची 23.5 प्रतिशत हिस्सेदारी लगभग 7,100 करोड़ रुपये में बेच दी है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने अपनी यूनिट करीब 316 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बेची हैं। कुछ मौजूदा यूनिटधारकों ने इसमें भाग लिया है। उन्होंने बताया कि एसबीआई म्यूचुअल फंड एक नया निवेशक है। एम्बैसी ऑफिस पार्क रीट भारत का पहला रियल एस्टेट निवेश न्यास (रीट) है जो वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकस्टोन और बेंगलुरु स्थित रियल्टी फर्म एम्बैसी समूह द्वारा प्रायोजित है।(एजेंसी)

# दूर की कौड़ी है देश में बाल श्रम उन्मूलन

■ संसदीय समिति ने कहा, पहले देश में बच्चे की एक समान परिभाषा तय कर लें




**नई दिल्ली (भाषा)।**

बाल श्रम खत्म करने के लिए बनाई गई नीति को 2025 तक अपने अंतिम लक्ष्य को हासिल करने से पहले एक लंबा रास्ता तय करना है। एक संसदीय समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही। समिति ने साथ ही जोड़ा कि इससे पहले देश को विभिन्न कानूनों के तहत 'बच्चे' की एक समान परिभाषा तय करने की जरूरत है।

श्रम, कपड़ा और कौशल विकास पर संसद की स्थायी समिति की 52वीं रिपोर्ट संसद में पेश की गई। इसके मुताबिक, समिति ने पाया कि विभिन्न कानूनों के तहत बच्चे की परिभाषा में अस्पष्टता है।

इसमें कहा गया, 'आईएलओ सम्मेलनों के तहत की गई प्रतिबद्धताओं के अनुसार बाल श्रम को खत्म करने और सतत विकास लक्ष्य 8.7 में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नीति के कार्यान्वयन को एक लंबा रास्ता तय करना है।'

■ बाल श्रम उन्मूलन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अभी तय करना है लंबा सफर

समिति ने कहा कि बाल और किशोर श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार 'बच्चे' का अर्थ एक ऐसे व्यक्ति से है, जिसने अपनी उम्र का चौदहवां वर्ष पूरा नहीं किया है।

वर्ष 2016 में अधिनियम में किया गया संशोधन 14-18 वर्ष के आयु वर्ग में आने वालों को बच्चा परिभाषित करता है।

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत बच्चे का अर्थ छह से चौदह वर्ष की आयु का व्यक्ति है।

### हवाईअड्डा संचालक बायोमेट्रिक मॉडल पर करें गौर : सिंधिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** आगामी त्योहारी मौसम में हवाईअड्डों पर भीड़भाड़ रोकने के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने हवाईअड्डा संचालकों से यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए अन्य देशों में उपयोग किये जा रहे सफल बायोमेट्रिक मॉडल पर गौर करने को कहा है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक सलाहकार समूह के साथ बैठक के दौरान हवाईअड्डा संचालकों से 'डिजी यात्रा' को बढ़ावा देने के लिए कहा। यह चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी (एफआरटी) के आधार पर हवाई अड्डों पर विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों को संपर्क रहित, निर्बाध आवाजाही देता है। वर्तमान में डिजी यात्रा दिल्ली, मुंबई और वाराणसी सहित 13 हवाई अड्डों पर घरेलू यात्रियों के लिए उपलब्ध है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की अयोध्या के लिए पहली उड़ान 30 को

**नई दिल्ली (भाषा)।**

- नियमित उड़ानें 16 जनवरी से शुरू करेगी विमानन कंपनी
- अयोध्या का रनवे ए321.बी737 विमान के लिए उपयुक्त
- 30 दिसम्बर को दिल्ली से सुबह 11 बजे चलकर 12.20 बजे पहुंचेगी अयोध्या एयरपोर्ट
- एयरपोर्ट पर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं
- एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनी के पास है 59 विमान
- इन विमानों से हर रोज संचालित होती हैं 300 उड़ानें
- अयोध्या एयरपोर्ट पर रात्रि में भी विमान उतरने की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी कर रही है एयरपोर्ट अथारिटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** एयर इंडिया एक्सप्रेस 30 दिसम्बर को राष्ट्रीय राजधानी से अयोध्या के लिए अपनी उद्घाटन उड़ान का परिचालन करेगी। एयरलाइन 16 जनवरी से इस मार्ग पर निर्धारित दैनिक सेवाएं शुरू करेगी। अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विस्तारित रनवे है जो ए-321/बी-737 प्रकार के विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बुधवार को बयान में कहा कि उद्घाटन उड़ान आईएक्स 2789 30 दिसम्बर को दिल्ली से 11.00 बजे रवाना होगी और 12.20 बजे अयोध्या में उतरेगी। अयोध्या से, आईएक्स 1769 उड़ान दिल्ली के लिए 12.50 बजे रवाना करेगी और 2.10 बजे पहुंचेगी। एयरलाइन के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा, 'एयर इंडिया एक्सप्रेस हवाई अड्डे के खुलने के तुरंत बाद अयोध्या से परिचालन शुरू करने को लेकर उत्साहित है। यह देशभर के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से संपर्क बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।' एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनी प्रतिदिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। इसके पास 59 विमानों का बेड़ा है।



### खबरों में सर्वाधिक दिखने वाले कारपोरेट घरानों में बनी हुई है रिलायंस

**नई दिल्ली (भाषा)।**

राजस्व, मुनाफा और बाजार मूल्यांकन के मामले में भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस खबरों में रहने वाली भारत की कंपनियों में शीर्ष पर बनी हुई है। विजिकी न्यूज स्कोर की 2023 की रैंकिंग में यह जानकारी दी गई है।

इस रैंकिंग में एसबीआई दूसरे स्थान परल एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक व भारती एयरटेल हैं। विजिकी का न्यूज स्कोर उद्योग का पहला एकीकृत मीट्रिक है जो समाचार दृश्यता को मापता है। यह समाचार की संख्या, शीर्षक, प्रकाशनों की पहुंच और पाठकों की संख्या से निर्धारित होता है। रिलायंस ने विजिकी की स्थापना के बाद से पिछले चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष वार्षिक रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

रिलायंस ने साल दर साल अपने न्यूज़ स्कोर में सुधार किया है। रिलायंस का 2023 के लिए न्यूज स्कोर 96.46 है। यह 2022 के लिए 92.56 और 2021 के लिए 84.9 था। मासिक विश्लेषण से पता चला कि जून से नवम्बर, 2023 तक पिछले छह महीनों में से तीन महीनों के लिए आरआईएल का न्यूज स्कोर 98 से ऊपर था।

# अगले पांच साल में भारत में होंगी अमेरिका जैसी सड़कें

■ ठेकेदार को अनुबंध की मंजूरी के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं : गडकरी

**तिरुवनंतपुरम (भाषा)।**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत का लक्ष्य अगले पांच साल में अपने सड़क बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर करने का है। उन्होंने कहा कि एक व्यापक रणनीति के तहत सरकार महानगरों की भीड़ को कम करने, यात्रा के समय को घटाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए काम कर रही है।

गडकरी ने बताया कि पिछले नौ साल में उनके मंत्रालय ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं आवंटित की हैं। मंत्री ने कहा, 'किसी भी ठेकेदार को अनुबंध की मंजूरी के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं है। हम पारदर्शी, समयबद्ध, परिणामोन्मुख और गुणवत्ता के प्रति जागरूक हैं और तेजी से निर्णय लेते हैं। हम मंत्रालय, ठेकेदारों और बैंकरों को एक परिवार मानते हैं।'



'मनोरमा ईयरबुक-2024' में प्रकाशित एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा, 'हम अच्छे काम को प्रोत्साहित करते हैं और यही कारण है कि हमारे पास सात विश्व रिकॉर्ड हैं। यह मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि पांच साल बाद हमारा सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा।' उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे का भविष्योन्मुखी विकास देश की जरूरत है। भारत को घरेलू और विदेशी दोनों स्रोतों से पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे की जरूरत है। इससे गरीबी दूर होगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। देश के वाहन क्षेत्र का जिक्र करते हुए गडकरी ने कहा कि भारत का वाहन उद्योग हाल में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

उन्होंने कहा 'हमारा उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपये का है और राज्यों और केंद्र सरकार को अधिकतम माल एवं सेवा कर (जीएसटी) इसी क्षेत्र से मिलता है। अब तक इस उद्योग ने 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं। मेरा सपना अगले पांच साल में देश के वाहन उद्योग के आकार को दोगुने पर पहुंचाने का है।

# सेंसेक्स में 931 अंक की गिरावट

**मुंबई (भाषा)।**

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव रहा। मानक सूचकांक शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचे थे, लेकिन बाद में मुनाफावसूली का सिलसिला चला और अंत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 1.30 प्रतिशत से ज्यादा के नुकसान के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 930.88 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 70,506.31 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 302.95 अंक यानी 1.41 प्रतिशत गिरकर 21,150.15 अंक पर आ गया।



शेयर बाजारों में कारोबार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी और जल्द ही सेंसेक्स 475.88 अंक यानी 0.66 प्रतिशत तक उछलकर 71,913.07 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। लेकिन ऊंचे स्तर पर चौतरफा बिकवाली का जोर रहने से सेंसेक्स लुढ़कते हुए 70,302.60 के निचले स्तर तक गिर गया। कारोबार के अंत में यह 70,506.31 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के साथ ही इसी तरह का रुझान देखा गया। कारोबार की शुरुआत में निफ्टी 139.9 अंक यानी 0.65 प्रतिशत चढ़कर 21,593 के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। लेकिन निवेशकों के मुनाफावसूली करने से यह भी गिरकर 21,150.15 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुझान के बावजूद घरेलू बाजारों में कारोबार के उत्तरार्द्ध में तेज और अचानक बिकवाली देखी गई। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का मूल्यांकन अधिक हो जाने से निवेशकों ने मुनाफा काटा। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने भी निवेशकों को मुनाफावसूली के लिए प्रेरित किया।' बाजार में चौतरफा गिरावट का आलम यह रहा कि सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से सिर्फएचडीएफसी बैंक ही बढ़त में रही। बाकी सभी 29 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### *निवेशकों को एक दिन में 8.91 लाख करोड़ का घाटा*

***नई दिल्ली (भाषा)।*** *शेयर बाजार के बुधवार को नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर जाने के बाद 931 अंकों का गोता लगाने से निवेशकों को 8.91 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती बढ़त के बाद 930.88 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,506.31 अंक पर बंद हुआ। हालांकि सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में 475.88 अंक की बढत के साथ अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 71,913.07 पर पहुंच गया था। लेकिन मुनाफावसूली होने से इसमें तगड़ी गिरावट आ गई। इस वजह से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण 8,91,729.43 करोड़ रुपये घटकर 3,50,19,998.87 करोड़ रुपये रह गया।*

# बियाणी के खिलाफ सेबी का आदेश सैट ने निरस्त किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने बुधवार को भेदिया कारोबार मामले में फ्यूचर रिटेल के चेयरपर्सन किशोर बियाणी और अन्य प्रवर्तकों को प्रतिभूति बाजार से एक साल के लिए प्रतिबंधित करने के सेबी के आदेश को रद्द कर दिया। अपीलीय न्यायाधिकरण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का आदेश निरस्त करते हुए कहा कि इकाइयों ने कारोबार अलग होने से संबंधित 'अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी' (यूपीएसआई) के आधार पर फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के शेयरों में लेनदेन नहीं किया क्योंकि ऐसी जानकारी कई मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से पहले से ही सार्वजनिक थी।

पीठासीन अधिकारी तरुण अग्रवाल और तकनीकी सदस्य मीरा स्वरूप की पीठ ने कहा, 'हम संतुष्ट हैं कि कारोबार अलग होने से संबंधित जानकारी पहले से ही सार्वजनिक थी लिहाजा साक्षात्कार और समाचार रिपोर्टों के प्रकाशन के बाद शेयरों में अपीलकर्ताओं द्वारा किए गए व्यापार को अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी रहते हुए व्यापार नहीं माना जा सकता है। इस तरह कारण बताओ नोटिस में लगाया गया आरोप नहीं टिकता है और पूर्णकालिक सदस्यों द्वारा दिए गए निष्कर्षों को बरकरार नहीं रखा जा सकता है।

## कारपोरेटनामा

### जेपी स्कूल ने मनाया शारीरिक एवं सांस्कृतिक दिवस




**नई दिल्ली (वि.)।** जेपी पब्लिक स्कूल, नोएडा द्वारा पिछले दिनों वार्षिक शारीरिक एवं सांस्कृतिक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल भावना के प्रति निष्ठा और समर्पण के प्रतीक के रूप में आदर एवं श्रद्धा के साथ छात्रों में एकता, सहयोग की भावना और कर्तव्य परायणता आदि जीवन मूल्यों का विकास करने का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर राजीव तोमर, शौर्य खडगावत, श्रीमती एकता झा समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वार्षिक खेल उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें जैसे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फन फील्ड रेस सहित व्हील चेयर बास्केटबाल और एकीकृत दौड़ जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, शिक्षकों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों ने आनंदित एवं उत्साहित होकर सक्रिय भाग लिया। समावेशी शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए प्रधानाचार्या सुश्री अंजलि मलिक ने सभी अतिथिगणों को अपना आभार प्रकट किया। तथा सभी विजेताओं को मैडल और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्री प्राइमरी और कक्षा 1 से 2 के छात्रों ने गीत संगीत एवं नृत्य में बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। नन्हें-नन्हें छात्रों का प्रदर्शन बेहद प्रंशसनीय और सराहनीय था। बहुत ही शानदार तरीके से खेल का आरंभ किया गया। जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी छात्र उत्साहित थे एवं हर्षोल्लास के साथ उन्होंने सभी खेलों का आनंद लिया। उनके बीच प्रतिस्पर्धात्मकता आसमान छू गई।

### बिमटेक ने प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली (वि.)।** ग्रेटर नोएडा में बिड़ला इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने अपने दो साल के पूर्णकालिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) 2024 कार्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) द्वारा एमबीए कार्यक्रम के समकक्ष डिप्लोमा, एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित और नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडेशन (एनबीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है। बिमटेक को अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त निकाय, एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफ बिजनेस (एएसीएसबी) द्वारा भी मान्यता प्राप्त है। जिसे प्रबंधन शिक्षा में गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता के साथ, संस्थान अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त शीर्ष बी-स्कूलों की आइवी लीग में शामिल हो गया है। इसके अतिरिक्त, बिमटेक ईएफएमडी, ब्रुसेल्स से बीएसआईएस (बिजनेस स्कूल इम्पैक्ट सिस्टम) लेबल प्राप्त करने वाला पहला भारतीय बी-स्कूल है।

### डीडी पर 'दि कैवेलरी गोज टू जोधपुर' शुरू




**नई दिल्ली (वि.)।** डीडी नेशनल अपनी रोमांचक नई यात्रा वृतांत श्रृंखला, 'द कैवेलरी गोज़ टू जोधपुर' के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित है। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाली यह मनमोहक श्रृंखला दर्शकों को विविध संस्कृतियों, लुभावने परिदृश्यों और अनूठे अनुभवों की खोज करते हुए दुनिया भर में एक गहन यात्रा पर ले जाने का वादा करती है। यह शो 16 दिसम्बर को हर शनिवार और रविवार को दोपहर 12 बजे दूरदर्शन के नेशनल चैनल पर शुरू होगा। द कैवेलरी गोज़ टू जोधपुर एक मनोरम यात्रा वृतांत है जो दर्शकों को राजस्थान, भारत, पुष्कर से ओसियां। होते हुए जोधपुर तक की एक महाकाव्य यात्रा पर ले जाता है। श्रृंखला राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री की खोज करती है, छिपे हुए खजाने को उजागर करती है, और अपने लोगों की अदम्य भावना का जश्न मनाती है। यह भारत की विविध जाति, रंग और धर्म को प्रदर्शित करते हुए क्षेत्र के ऊर्जा परिदृश्य को बदलने वाली नवीन पहल और टिकाऊ प्रथाओं को भी प्रदर्शित करती है। यह यात्रा वृतांत श्रृंखला शिक्षा, मनोरंजन और प्रेरणा देने वाली गुणवत्तापूर्ण सामग्री प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा मानना है कि यात्रा के माध्यम से, हम उस विविधता के प्रति गहरी समझ और सराहना को बढ़ावा दे सकते है जो हमारी दुनिया को इतना असाधारण बनाती है।'

### आरडीएसएस योजना के कार्य वक्त पर पूरे हों : एमडी

**मेरठ (वि.)।** प्रबन्ध निदेशक, श्रीमती चैत्रा वी. ने कहा कि आरडीएसएस योजना के कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही, गुणवत्ता व योजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के प्रयास किए जाएं। प्रबन्ध निदेशक को रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम की प्रगति का निरीक्षण करने ग्राम हीरापुर अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-संभल पहुंची। जहां उन्होंने आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत एल0टी0 लाईन की अर्थिंग, ग्राउटिंग पोल इरेक्शन आदि कार्यो का मुआयना किया। प्रबन्ध निदेशक ने समस्त जनपदों में कार्यरत, कार्यदायी संस्थाओं और विद्युत अधिकारियों को आरडीएसएस योजना के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही आरडीएसएस0 योजना विद्युत तंत्र को सुदृढ़ कर, उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएगी। उन्होंने कहा योजना में कराये जा रहे अनुरक्षण कार्यो में तेजी लाई जाए जिससे कि लोगों को शीघ्र योजना का लाभ मिल सके। ग्राम हीरापुर एलटी लाइन का निरीक्षण करने के पश्चात प्रबन्ध निदेशक द्वारा ग्राम महरौली अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-संभल में एचटी लाईन की रिकन्डेक्टिरंग के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 के प्रतिनिधि वेंक्टेश रेड्डी को आरडीएसएस योजना के समस्त कार्य निर्धारित समयावधि गुणवत्तापरक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कार्यो में शिथिलता बरतने पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### पल्सरमेनिया मास्टर्स एडिशन का फिनाले आयोजित

**नई दिल्ली (वि.)।** दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित दोपहिया एवं तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो ने पल्सरमेनियाः मास्टर्स एडिशन का आयोजन किया, 100 शहरों में आयोजित इस प्रतियोगिता को ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 25 हज़ार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 1 लाख से अधिक दर्शकों ने इसका आनंद उठाया। मंबई में नेशनल फिनाले ने उपस्थितगणों को रोमांच से भरपूर अनुभव प्रदान किया, और साथ ही सर्वश्रेष्ठ राइडरों को पल्सर पर अपनी मास्टरी, सटीकता और जुनून की जांच करने का मौका मिला। रोमांच से भरपूर प्रतियोगिता एंटरटेनमेन्ट का बेहतरीन मिश्रण साबित हुई, जहां भारत के जाने-माने कलाकारों के परफोर्मेन्सेज़, हैरतअंगेज़ करने वाले स्टंट शोज़, शानदार स्ट्रीट कल्चर स्टेशन और एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड कोलाबोरेशन्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन के बारे में बात करते हुए सारंग कनाडे (प्रेज़ीडेन्ट, मोटरसाइकिल बिज़नेस), बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा, 'पिछले बाइस सालों में हमने देश भर में 'पल्सरमेनियक्स' की ज़बरदस्त फॉलोइंग बनाई है, जो बाइक के सटीक इंजीनियर्ड डीएनए और इसके एटीट्यूड के लिए इसे खूब पसंद करते है।



### विनिमय बाजार में हस्तक्षेप उतार-चढ़ाव रोकने के लिए किया : आरबीआई

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की विनिमय दर व्यवस्था को 'पुनर्वर्गीकृत' करने के अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार हस्तक्षेप का मकसद अत्यधिक उतार-चढञव को रोकना है।

आईएमएफ ने भारतीय अधिकारियों के साथ अनुच्छेद-चार के परामर्श के बाद दिसम्बर, 2022 से अक्टूबर, 2023 के बीच की अवधि के लिए विनिमय दर व्यवस्था की स्थिति को 'फ्लोटिंग' से 'स्थिर व्यवस्था' में पुनर्वर्गीकृत किया। आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक केवी सुब्रमण्यन और वरिष्ठ सलाहकार संजय कुमार हंसदा और आनंद सिंह ने विश्लेषण के लिए आईएमएफ द्वारा अपनाई गई चयन की अवधि और देश की विनिमय दर व्यवस्था के पुनर्वर्गीकरण पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने रिपोर्ट के साथ संलग्न बयान में कहा, 'आईएमएफ के कर्मचारियों द्वारा भारत की विनिमय दर को 'स्थिर व्यवस्था' के रूप में वर्णित करना गलत है और यह वास्तविकता से दूर है। पूर्व की तरह विनिमय दर में लचीलापन बाहरी झटकों से बचाव का पहला माध्यम बना रहेगा। विनिमय बाजार में हस्तक्षेप सिर्फ बाजार में 'अव्यवस्था' को दूर करने के लिए किया गया है।

आईएमएफ द्वारा अनुच्छेद चार परामर्श रिपोर्ट किसी देश की वर्तमान और मध्यम अवधि की आर्थिक नीतियों और दृष्टिकोण की समीक्षा करती है। रुपये की विनिमय दर अंतरबैंक बाजार में निर्धारित होती है।

# राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में पहली बार मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की धाक

## मप्र के तीन खिलाड़ियों को एक साथ अर्जुन अवॉर्ड, हॉकी कोच शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरुस्कार

**भोपाल,(खेसं)।** राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में पहली बार मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की धाक देखने को मिली है। मध्यप्रदेश के तीन खिलाड़ियों और एक प्रशिक्षक को राष्ट्रीय खेल सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के ओलंपिक खिलाड़ी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पैरा कैनोइंग की प्राची यादव और मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी की पूर्व खिलाड़ी और वर्तमान में हॉकी इंडिया की स्टार प्लेयर सुशीला चानू को राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ठ खेल पुरस्कार अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारतीय हॉकी टीम के कोच शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य पुरूस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 9 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे राष्ट्रपति भवन में खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगी।










**सुशीला चानू ने खेले 150 अंतर्राष्ट्रीय मैच:** मध्यप्रदेश महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर की पहले बैच की उत्कृष्ठ खिलाड़ी सुशीला ने कई उपलब्धियां हासिल की है। भारतीय राष्ट्रीय टीम की पूर्व कप्तान के नाम कुल 150 अंतर्राष्ट्रीय मैच हैं। उन्होंने 2008 में कुआलालंपुर में आयोजित महिला हॉकी जूनियर एशिया कप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया, जहां भारत ने कांस्य पदक जीता। जर्मनी में हुए वूमन्स हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने सुशीला की कप्तानी में कांस्य पदक हासिल किया था। 2014 एशियन गेम्स में उन्होंने भारतीय टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में सुशीला भारतीय टीम की कप्तान थी।

### एशियन गेम्स में सबसे सफल भारतीय एथलीट रहे ऐश्वर्य

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के स्टार शूटर एश्वर्य इस वर्ष सम्पन्न हुए एशियन गेम्स में सबसे सफल भारतीय एथलीट थे। उन्होंने एशियन गेम्स में दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही एश्वर्य प्रताप सिंह ने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया और 50 मी रायफल थ्री पॉजीशन पुरूष एकल इवेन्ट में रजत पदक जीता। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के रतनपुर के ऐश्वर्य ने 2015 में भोपाल में मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। उन्होंने 2019 एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में जूनियर 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सुहल में 2019 आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में तोमर नेस्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा 2019 एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण अपने नाम किया।

### पेरिस पैरा ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाली पहली एथलीट हैं प्राची

मप्र की पैरा केनो प्राची यादव ने पेरिस पैरा ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। उन्होने हाल ही में आईसीएफ स्प्रिंट एण्ड पैरा केनो वर्ल्ड चैम्पियनशिप, जर्मनी में चौथा स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। प्राची भारत की पहली एथलीट है जिन्होंने पेरिस पैरा ओलंपिक के लिए कोटा हासिल किया है। टोक्यो पैरालिंपिक में हिस्सा लेने वाली ग्वालियर की प्राची यादव ने पैरालिंपिक विश्व कप में कांस्य पदक जीता। वह कैनो में पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनीं। आईसीएफ कैनो स्प्रिंट विश्व चैंपियनशिप में प्राची यादव ने टॉप 10 खिलाडियों में जगह बनाई। प्राची ने अपने कोच वीरेंद्र कुमार डबास की सिफारिश पर पैरा तैराकी में 2018 से अपने पैरा कैनो करियर की शुरुआत की। वह भोपाल में लोअर लेक में प्रशिक्षण लेती हैं। वह महिला सिंगल 200 मीटर कैनो स्प्रिंट में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ फाइनल में पहुंचीं और 8वें स्थान पर रहीं।

### हॉकी प्लेयर शिवेन्द्र सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दागे लगभग 80 गोल



मध्यप्रदेश के शिवेन्द्र सिंह वर्तमान में भारतीय हॉकी टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल है। उन्होंने लगभग 160 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले है और लगभग 80 गोल अपने नाम किए है। सेंटर फार्वड के रूप में भारतीय हॉकी टीम का षिवेन्द्र ने एषियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, चैम्पियन चैलेंज, सुल्तान अजलान षाह ट्रॉफी में प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने भारतीय टीम में सेंटर फॉरवर्ड पोजिशन में शानदार हॉकी खेली है। 2007 में भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था। इस टीम में शिवेंद्र ने शानदार प्रदर्शन किया था। 2010 में शिवेंद्र की अगुआई में भारतीय टीम ने मलेशिया में सुल्तान अजलन शाह कप में गोल्ड मेडल जीता था। शिवेंद्र 2007 और 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारतीय टीम की तरफ से खेल चुके हैं।

# निर्णायक मुकाबले में टीम इंडिया-दक्षिण अफ्रीका के बीच होगी कांटे की टक्कर

## तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच आज शाम 4.30 बजे से

**पार्ल (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का निर्णायक मुकाबला गुरुवार को बोलैंड पार्क स्टेडियम, पार्ल में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे शुरू होगा। जिसका लाइव प्रसारण स्टार स्पोर्टर्स पर किया जाएगा। पहले मैच में भारतीय टीम को जीत मिली। वहीं दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने जीत दर्ज कर सीरीज में 1-1 से बराबरी की। केएल राहुल की कप्तानी वाली भारतीय टीम की निगाहें अब सीरीज में जीत दर्ज करने पर होंगी।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे सीरीज में सिर्फ एक बार ही हराया है। उसे दोहराने के लिए भारतीय टीम को सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ और बी साइ सुदर्शन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। साइ सुदर्शन ने पहले दोनों मैचों में अर्धशतक जड़े हैं। वहीं गायकवाड़ ने पांच और चार रन ही बनाए। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज टोनी डि जोर्जी ने दूसरे वनडे में 130 रन की पारी खेली। भारत के तिलक वर्मा अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। गायकवाड़ और वर्मा को अपनी चिर परिचित लय हासिल करनी होगी क्योंकि मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। वैसे वर्मा की जगह 30 वर्ष के रजत पाटीदार को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है। अय्यर पहले वनडे के बाद ही टेस्ट श्रृंखला की तैयारी में जुट गए । शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के लिए राहत की बात यह है कि बोलैंड पार्क की पिच बल्लेबाजों की मददगार है। टीम प्रबंधन संजू सैमसन को एक और मौका दे सकता है जो पिछ्ले मैच में 12 रन पर आउट हो गए। गेंदबाजी में मुकेश कुमार दो मैचों में एक भी विकेट नहीं ले सके। अर्शदीप सिंह और आवेश खान पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे और अर्शदीप ने दूसरे मैच में भी लय कायम रखी।

### बोलैंड स्टेडियम के आंकड़े

- पहली पारी का औसत स्कोरः 234
- दूसरी पारी का औसत स्कोरः 182
- अधिकतम स्कोरः 353/6 (50 ओवर) दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश
- न्यूनतम स्कोर 36/10 (18.1 ओवर) कनाडा बनाम श्रीलंका




### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**भारत**

लोकेश राहुल (कप्तान, विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, रिंकू सिंह, आकाश दीप, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका**

एडेन मार्कराम (कप्तान), नांद्रे बर्गर, टोनी डि जोर्जी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाद विलियम्स और ब्यूरान हेंड्रिक्स।

### पिच रिपोर्ट

बोलैंड पार्क स्टेडियम की पिच हाई स्कोर वाली पिच मानी जाती है। यहां पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए परिस्थितियां काफी अच्छी साबित हो सकती है। हालांकि थोड़ा बहुत गेंदबाजों को भी मदद मिलने की उम्मीद है। इस मैदान पिछले आंकड़ों की बात करें तो यहां पर 13 मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 7 मुकाबलों को अपने नाम किया है।

### मौसम का मिजाज

तीसरे मैच के दौरान मौसम विभाग के अनुसार 21 दिसंबर को बोलैंड पार्क स्टेडियम में बारिश होने की कोई भी गुंजाइश नहीं है। इसके अलावा उच्च तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा। हवा 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी, जबकि 30 फीसदी नमी होगी।

# 42 दिन में गिल ने गंवाया नंबर वन वनडे बल्लेबाज का ताज

## बिश्नोई को पछाड़ आदिल राशिद बने टी-20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

**दुबई,(एजेंसी)।** वनडे रैंकिंग में पाकिस्तान के बाबर आजम भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को पछाड़ते हुए 824 अंकों के साथ फिर से शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। 42 दिन के अंदर ही गिल से नंबर 1 का ताज छीन गया है। आईसीसी द्वारा जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार गिल 810 अंक के साथ दूसरे पायदान पर हैं। वहीं इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद टी-20 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बन गए हैं।

उन्होंने अफगानिस्तान के अनुभवी गेंदबाज राशिद खान खान और भारत के युवा स्पिनर रवि बिश्नोई को पीछे छोड़ा है। ये दोनों संयुक्त रूप से नंबर वन गेंदबाज थे। बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में आदिल रशीद 715 रेटिंग के साथ नंबर वन गेंदबाज बन गए। वह एक दशक से भी अधिक समय पहले ऑफस्पिनर ग्रीम स्वान के बाद गेंदबाजों की आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में नंबर एक बनने वाले इंग्लैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं। वहीं, गिल 810 अंक के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गए हैं। विराट कोहली (775) तीसरे और रोहित शर्मा (775) चौथे पायदान पर हैं। भारत के तीनों खिलाड़ी ने पिछ्ले महीने वर्ल्डकप 2023 समाप्त होने के बाद से कोई वनडे मैच नहीं खेला है। बता दें कि गिल




ने वर्ल्ड कप के दौरान बाबर को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया था। साउथ अफ्रीका के रासी वान डेर डुसेन (एक स्थान गिरकर आठवें स्थान पर) और हेनरिक क्लासेन (एक स्थान गिरकर 10वें स्थान पर) को नुकसान झेलना पड़ा है।

### आईपीएल में आदिल रहे अनसोल्ड

वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की सीरीज के टी20 सीरीज में आदिल ने 4 मैचों में 7 विकेट झटके। आदिल रशीद ने टी20 रैंकिंग में पहला स्थान तब हासिल किया है जब उन्हें 24 घंटे पहले ही आईपीएल ऑक्शन में किसी फ्रेंचाइजी ने नहीं खरीदा था। पिछले साल की तरह इस साल भी आदिल रशीद अनसोल्ड रहे। इस साल रशीद का बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए था, लेकिन उन्हें किसी टीम ने नहीं खरीदा। आदिल रशीद पिछला सीजन पंजाब किंग्स के लिए खेले थे। भारत के सूर्यकुमार यादव दक्षिण अफ्रीका में दूसरे और तीसरे टी-20 में अर्धशतक और शतक बनाने के बाद शीर्ष रैंक वाले टी-20 बल्लेबाज बने हुए हैं।

### टेस्ट में विलियमसन शीर्ष पर

`टेस्ट रैंकिंग में केन विलियमसन शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद उस्मान ख्वाजा तीन पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गए। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पैट कमिंस एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि नाथन लियोन पांचवें, मिशेल स्टार्क आठवें और जोश हेजलवुड दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के ऑफस्पिनर आर अश्विन टेस्ट के शीर्ष गेंदबाज बने हुए हैं।

### बांग्लोदश के खिलाफ कीवियों को अजेय बढ़त

**नेल्सन,(एजेंसी)।** हेनरी निकोल्स 95 रन और विल यंग की 89 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे मुकाबले में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम 291 रन पर ऑलआउट हो गई। जबाव में न्यूजीलैंड ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। 292 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए विल यंग (89 रन) और रचिन रवींद्र (45 रन) ने पहले विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। कप्तान टॉम लेथम ने नाबाद 34 रन और टॉम ब्लंडल ने नाबाद 24 रन की पारी खेली। बांग्लादेश की ओर से हसन महमूद ने दो विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए सौम्य सरकार ने 169 रन की पारी खेली। यह किसी भी बांग्लादेश के बल्लेबाज द्वारा एकदिवसीय मैच में बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। न्यूजीलैंड की धरती पर लगाया गया यह तीसरा सबसे बड़ा एकदिवसीय स्कोर भी है। सरकार के अलावा मुशफिकुर रहीम 45 रन, मेहदी हसन मिराज 19 रन, तनजीम हसन साकिब 13 रन, तौहीद हृदोय 12 रनों का योगदान दिया।

### रोहित शर्मा से कप्तानी छीने जाने पर जयवर्धने बोले

## हम विरासत को बढ़ाना चाहते हैं आगे

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के ग्लोबल हेड ऑफ क्रिकेट महेला जयवर्धने ने टीम द्वारा रोहित शर्मा को लेकर किए गए फैसले पर बात की। उन्होंने माना कि रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने का फैसला कठिन था। जयवर्धने ने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण देते हुए समझाया कि उन्होंने भी युवा खिलाड़ियों के साथ आईपीएल खेला था। आईपीएल 2024 में अब मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पांड्या करने वाले हैं, जो गुजरात टाइटंस से ट्रेड में आए हैं। रोहित शर्मा ने पांच बार मुंबई इंडियंस को आईपीएल जिताया है, लेकिन एकाएक उनको कप्तानी से हटा दिया गया है। जयवर्धने ने डिसिजन मेकिंग की अंदर की बात बताई। उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमने एक फ्रेंचाइजी के रूप में बात की है। यह एक कठिन निर्णय है, हमें उन्हें लेना पड़ा।

### हनीमून को यादगार बनाने के लिए जाएं स्टाइलिश अंडरवाटर होटल, बिना तारीफ किए नहीं रह पाएगी पत्नी

इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। हांलाकि शादी की डेट से लेकर हनीमून डेस्टिनेशन तक की सभी तैयारियां शादी से पहले ही कर ली जाती हैं। ऐसे में अगर आपकी भी शादी होने वाली है और आप अच्छा हनीमून डेस्टिनेशन तलाश रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। सोचिए क्या हो जब आप सोने जाएं तो आपके आसपास मछलियां तैर रही हों। यह सोचने में तो बिलकुल सपने जैसा लग रहा है। लेकिन आप इस सपने को हकीकत में भी बदल सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने हनीमून के लिए जा सकते हैं। इन जगहों पर जाकर आपकी पार्टनर भी आपकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाएगी। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

**अटलांटिस, द पाम, दुबई**

बता दें कि वास्तव में अटलांटिस एक सपने के सच होने जैसा है। यह दुनिया का सबसे स्टाइलिश अंडरवाटर होटल है। इस होटल में आप नीले पानी का एकमद साफ नजारा देख सकते हैं। होटल के अलावा Ossiano अंडरवर्ल्ड नाम का एक रेस्तरां भी है, जो पानी के नीचे है। ऐसे में आप हनीमून के लिए यहां भी आ सकते हैं और अपनी वाइफ के साथ यहां के रोमांटिक खाने का लुत्फ उठा सकते हैं। इस होटल में एक रात ठहरने का खर्चा 60 से 70 हजार के आसपास है।

**कॉनराड मालदीव रंगाली द्वीप होटल**

कॉनराड मालदीव रंगाली द्वीप होटल में आप एक शानदार और बेहद आकर्षक नजारे देख सकते हैं। यहां रुकने पर आपको ऐसा लगेगा जैसे कि आप मछलियों के साथ-साथ चल रहे हैं। इस होटल में आपको मास्टर बेडरूम भी मिलेगा। जो 180 डिग्री घुमावदार होता है। इस होटल के कमरों में बाथरुम की फर्श से छत तक की खिड़कियां बनी हैं। वहीं आपको सुरंग वाला थिएटर भी मिलेगा। इस होटल में एक रात के लिए आपको 80,000 से 1,00,000 रुपए तक खर्च करने होंगे।

**रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा, सिंगापुर**

आप हनीमून के लिए सिंगापुर भी जा सकते हैं। सिंगापुर के रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा होटल 40,000 से अधिक मछलियों से भरे विशाल एक्वेरियम में डूबा हुआ एक रिजॉर्ट है। यहां आपको वह सब मिलेगा, जिसकी आप कल्पना करते हैं। ऐसे में आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ शार्क, मछलियां और स्टिंगरे के झुंडों को पानी में तैरते हुए देख सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर चीन-इको फ्रेंडली स्टे और पोसीडॉन अंडरसी रिसॉर्ट्स, शिमाओ वंडरलैंड इंटरकांटिनेंटल जैसी शानदार जगहों पर हनीमून के लिए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### श्च ह्वीटा दानी आईटीटीएफ संचालन समिति की सदस्य बनने वाली पहली भारतीय

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** वीटा दानी अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) में संचालन समिति की सदस्य के रूप में शामिल होने वाली पहली भारतीय बनीं। इसकी आधिकारिक घोषणा बुधवार को की गई। खेल परोपकार से जुड़ी उद्यमी अल्टीमेट टेबल टेनिस की अध्यक्ष के तौर पर वीटा इस खेल को बढ़ावा दे रही हैं।

### पांच देशों के टूर्नामेंट में भारत की सांत्वना जीत

**वेलेंसिया,(एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह के दो-दो गोल से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पांच देशों की टूर्नामेंट के अपने चौथे और आखिरी मैच में बुधवार को फ्रांस को 5-4 से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। मुकाबले में विवेक सागर प्रसाद (16वां मिनट) ने भारत के लिए पहला गोल किया। जुगराज ने 20वें और 60वें मिनट जबकि हरमनप्रीत ने 25वें और 56वें मिनट में टीम के लिए गोल दागे। विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारतीय टीम को शुरुआती तीनों मैच में स्पेन (0-1), बेल्जियम (2-7) और जर्मनी (2-3) से हार का सामना करना पड़ा।

### राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में ध्रुव-तनीषा की जोड़ी जीती

**गुवाहाटी,(एजेंसी)।** ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन वी जोसफ और लाडिंगपुल राल्टे की जोड़ी को 21-5, 21-7 से हराया। हाल में ओडिशा मास्टर्स खिताब जीतने वाली कपिला-क्रास्टो की जोड़ी का सामना अब अब्दुल रहमान सैयद और मामाइक्या लंका से होगा। पुरुष एकल में आयुश शेट्टी पहले दौर में अधीप गुप्ता को 43 मिनट में 22-20, 21-17 से पराजित करने में सफल रहे।

# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली टेस्ट जीत पर

## महिला क्रिकेटः दोनों टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट आज से

**मुंबई,(एजेंसी)।** पिछले टेस्ट में इंग्लैंड की महिलाओं को 347 रनों के बड़े अंतर से हराने के बाद उत्साहित भारतीय टीम महिला क्रिकेट की सबसे मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट में अपनी पहली जीत हासिल करने की उम्मीद में भिड़ेंगी। यह मैच सुबह 9.30 से खेला जाएगा। 1977 से 2021 के बीच खेले गए 10 टेस्ट में भारत को एक भी जीत नहीं मिली हैं। इन दोनों टीमों के बीच आखिरी टेस्ट दो साल पहले ऑस्ट्रेलिया में खेला गया था, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में टेस्ट मैच चार दशक पहले फरवरी 1984 में खेला था जब उन्होंने दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई में चार टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें सभी तीन दिवसीय मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए




थे। अब तक खेले गए 39 टेस्ट में भारत ने छह जीते हैं, छह हारे हैं और 27 ड्रा रहे हैं। पिछ्ले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेलने के बाद यह पहली बार है कि भारतीय टीम बैक-टू-बैक टेस्ट सीरीज खेल रही है। ऐसे में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम को पता है कि स्पिनरों की मददगार पिच पर उसके पास इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता।

### टेस्ट में हेड-टू-हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच | 10 |
| ऑस्ट्रेलिया जीता | 04 |
| भारत जीता | 00 |
| ड्रॉ | 06 |

**भारतीय टीमः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया, रिचा घोष, स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देयोल, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधू, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड, पूजा वस्त्राकर ।

**ऑस्ट्रेलियाई टीमः** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, लौरेन चीटल, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिसा पेरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

### सर्वो मैकेनिक्स की आठ टीमों के बीच प्रतियोगिता



**भोपाल,(खेसं)।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय एमपीएसओ ने मकैनिक्स के लिए सर्वो कप क्रिकेट चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन किया। इस बार सर्वो मैकेनिक्स की आठ टीमों के बीच सीमित ओवर प्रारूप आठ ओवर प्रति टीम के बीच खेला जाने वाला वार्षिक टूर्नामेंट आयोजित किया गया था। इंडियन ऑयल के प्रसिद्ध सर्वो लुब्रिकेंट ब्रांड के विभिन्न उत्पादों जैसे हाइपरस्पोर्ट एफ5, फ्यूचुरा जी प्लस, फ्यूचुरा नेक्स्ट, 4टी एक्सट्रा, ग्रीस मिरेकल, रफ्तार, प्राइड नेक्स्ट और ग्रीनमाइल के नाम पर रखी गई टीमों ने शानदार सर्वो ट्रॉफी और आकर्षक पुरस्कार के लिए मुकाबला किया।

### सीनियर्स कप में फेथ क्लब व आईपीसीए जीते

#### आकाश सिंह की शानदार हैट्रिक

**भोपाल,(खेसं)।** स्पोर्ट्स क्लब ऑफ भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय सीनियर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता में फेथ क्रिकेट क्लब ने अकीरा क्रिकेट अकादमी को 152 रन से जबकि आईपीसीए ने कस्तूरबा मास्टर्स को 98 रन से हराया।



पहले मैच में फेथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अंकुश सिंह (134 रन) के शानदार शतक और रितिक टाडा 91 रन और गौरव पिचोंनिया 33 रन की आतिशी पारी से निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 276 रन बनाए। अकीरा की तरफ से आकाश सिंह ने हैट्रिक समेत चार विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी अकीरा की पूरी टीम 18.3 ओवर में 124 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अकीरा की तरफ से आकाश सिंह ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। अंकुश को दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं दूसरे मैच में कस्तूरबा मास्टर्स के खिलाफ आईपीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए। जिसमें मैन ऑफ द मैच अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जेपी यादव ने 89 रन की पारी खेली। कस्तूरबा की तरफ से प्रदीप और पुष्पेंद्र ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए कस्तूरबा मास्टर्स की पूरी टीम 18.3 ओवर में 106 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कस्तूरबा की तरफ से प्रदीप ने 23 रन का योगदान दिया। आईपीसी की तरफ से चेतन और जामरान ने तीन-तीन विकेट लिए।

### श्रमोदय वार्षिक खेल समारोह का रंगारंग समापन



**भोपाल,(खेसं)।** शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में आयोजित वार्षिक खेल समारोह 2023 -24 का समापन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक पुलिस महानिरीक्षक भोपाल रियाज इकबाल आईपीएस रहे। जिन्होंने वार्षिक खेल समारोह 2023-24 में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिए साथ ही उनकी हौसला अफजाई भी की। मध्य प्रदेश शासन द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए श्रमोदय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है जिसमें करीब 1000 छात्र ,छात्राएं आवासीय केंपस में रहकर उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो रोप स्किपिंग , रेसलिंग, बॉक्सिंग का खेल नोडल केंद्र बनाया है।



# टी रेक्स के बारे में पांच बातें जो आप गलत जानते हैं

**साउथेम्प्टन (द कन्वरसेशन)। डायनासोर के युग का प्रतीक, टायरानोसॉरस रेक्स ब्लॉकबस्टर फिल्मों से लेकर चिकन नगेट्स के आकार तक हर चीज में नजर आता रहा है। एक ऐसा प्राणी जो काट ले तो हड्डी तक का कचूमर बना दे या हाई फाइव देने में असमर्थता के कारण, जिसका मजाक उड़ाया जाता है, टी रेक्स बच्चों से लेकर वयस्कों की कल्पना की उड़ान का हिस्सा रहा है। 2020 में एक कंकाल ने रिकॉर्ड तोड़ दिया जब वह नीलामी में 3 करोड़ 20 लाख अमेरिकी डॉलर (ढाई करोड़ यूरो) में बिका। लेकिन आप वास्तव में टी रेक्स को कितनी अच्छी तरह जानते हैं? यहां हम इस डायनासोर के बारे में पांच आम गलतफहमियों के पीछे की सच्चाई बताने जा रहे हैं।**

### मिथकः टी रेक्स की नज़र ख़राब थी

वैज्ञानिकों का मानना है कि टी रेक्स की दृष्टि उत्कृष्ट थी, भले ही आप जुरासिक पार्क पर विश्वास करते हों। टी रेक्स की अंगूर के आकार की आंखें बाज़ की तुलना में पांच गुना अधिक सटीकता और इंसान की तुलना में 13 गुना बेहतर तरीके से वस्तुओं को पहचान सकती थीं। उनके पास रंगों को पहचानने की भी बेहतर नजर थी। पक्षियों और मगरमच्छों की तरह, टी रेक्स मनुष्यों की तुलना में इंद्रधनुष के अधिक रंगों को देख सकता था और पराबैंगनी प्रकाश देख सकता था। हालाँकि यह कल्पना में अच्छा लग सकता है, लेकिन हकीकत यह है कि स्थिर खड़े रहकर आप भूखे टी रेक्स से बच नहीं पाएंगे।

### मिथकः मुर्गियां टी रेक्स की प्रत्यक्ष संतान हैं

इस मिथक की उत्पत्ति सत्य में है। मुर्गियों सहित सभी पक्षी न केवल डायनासोर के वंशज हैं बल्कि स्वयं भी डायनासोर हैं। पक्षी डायनासोरों की वंशावली से संबंधित हैं जो रैप्टर्स (वेलोसिरैप्टर सहित) से निकटता से संबंधित हैं। शुरुआती पक्षियों, जैसे कि आर्कियोप्टेरिक्स, के पंख आधुनिक पक्षियों की तरह होते थे लेकिन दांत और लंबी पूंछ उनके पूर्वजों की तरह होती थी। ये प्राचीन पक्षी पहली बार जुरासिक काल में दिखाई दिए, टी रेक्स के विकसित होने से लाखों साल पहले। वैज्ञानिकों ने आधुनिक बत्तखों और मुर्गियों के पूर्वज की पहचान बटेर के आकार के एस्टेर्निस के रूप में की है, जिसे वैज्ञानिकों ने वंडरचिकन का उपनाम दिया है। यह टी रेक्स के समय भी जीवित था। इनमें से मुट्ठी भर पक्षी प्रजातियाँ बड़े पैमाने पर विलुप्त होने से बच गई, जिसने उनके डायनासोर रिश्तेदारों को मार डाला और उन सभी पक्षियों में विकसित हो गई जिन्हें हम आज जानते हैं। टी रेक्स, आधुनिक मुर्गों का दादा-दादी होने के बजाय, सभी पक्षियों के लिए एक बड़े चचेरे भाई की तरह है।

### मिथकः टी रेक्स के हाथ छोटे, बेकार थे

मांसपेशियों के पुनर्निर्माण से पता चलता है कि टी रेक्स भुजाएँ अपने आकार के अनुसार मजबूत थीं और उनमें गति की उचित सीमा थी। यह संभव है कि उनका उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यवहारों में किया गया हो। वैज्ञानिकों ने अब तक जो सबसे प्रशंसनीय सुझाव दिए हैं उनमें शिकार को काटना और पकड़ना और टी रेक्स के बीच संचार में उपयोग करना शामिल है। टी रेक्स वास्तव में अपनी भुजाओं को मोड़कर अपनी हथेलियों को नीचे की ओर नहीं कर सकता था, जैसा कि आमतौर पर दर्शाया जाता है। टी रेक्स के बारे में अपने विचार की सटीकता में सुधार करने के लिए, अपनी हथेलियों को एक-दूसरे की ओर रखें, जैसे कि ताली बजा रहे हों। लगभग एक मीटर लंबी, टी रेक्स भुजाएं मानव भुजाओं से बड़ी हैं लेकिन उनके 13 मीटर लंबे शरीर की तुलना में अभी भी छोटी हैं। छोटे हाथ बड़े थेरोपोड (दो पैरों वाले, शिकारी डायनासोर) में आम हैं और इस समूह में कई बार विकसित हुए हैं। इस समूह के अन्य डायनासोरों के पास और भी छोटे हाथ थे।आठ मीटर लंबे कार्नोटॉरस, दक्षिण अमेरिका का एक सींग वाला शिकारी, की भुजाएं 50 सेंटीमीटर से कम लंबी होती थीं।

### मिथकः टी रेक्स पपड़ीदार और भूरे या हरे रंग का था

यह विचार कि टी रेक्स के पंख रहे होंगे, जीवाश्म विज्ञानियों के बीच भी विवादास्पद है। कई डायनासोर प्रजातियों में पंखों के प्रमाण मौजूद हैं, जिससे कुछ वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि डायनासोरों में पंख व्यापक थे। टी रेक्स का नौ मीटर लंबा रिश्तेदार युट्रान्स, रोयेंदार पंखों के कोट के साथ संरक्षित पाया गया था। तो क्या इसका मतलब यह है कि टी रेक्स भी रोएँदार था? कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि एक पूर्ण पंख वाले कोट से विशाल, गर्म रक्त वाले टी रेक्स को ज़्यादा गरम होने का खतरा रहेगा। इस सोच को इसके शरीर के कई हिस्सों से पाए गए त्वचा के संरक्षित पैच द्वारा समर्थित किया जाता है जो स्केल किए हुए प्रतीत होते हैं। हालाँकि हम किसी भी तरह से निश्चित रूप से नहीं जानते हैं, असली टी रेक्स शायद पूरी तरह से पपड़ीदार और पूरी तरह से रोएँदार के बीच का कुछ था। डायनासोर के रंग का विज्ञान हाल के जीवाश्म विज्ञान में सबसे रोमांचक विकासों में से एक है।



### मिथकः टी रेक्स स्टेगोसॉरस के साथ रहता था

**डायनासोर की आयु संभवतः आपकी सोच से अधिक थी। टी रेक्स 6 करोड़ 60 लाख वर्ष पहले डायनासोर को मारने वाले क्षुद्रग्रह के हमले से ठीक पहले, क्रेटेशियस काल के अंत में रहता था। स्टेगोसॉरस और डिप्लोडोकस जैसे अन्य लोकप्रिय जुरासिक डायनासोर लगभग 15 करोड़ वर्ष पहले रहते थे।टी रेक्स स्टेगोसॉरस के समय की तुलना में आधुनिक समय के अधिक निकट रहता था। जब तक टी रेक्स पृथ्वी पर चला, स्टेगोसॉरस के जीवाश्म पहले से ही उनके पैरों के नीचे थे।**

## विरासत और मूल्यों से जुड़ाव को बढ़ावा देती है रामायण : सिद्धार्थ

**मुंबई (वार्ता)।** स्वस्तिक प्रोडक्शंस के संस्थापक और श्रीमद रामायण के निर्माता सिद्धार्थ कुमार तिवारी का कहना है कि सबसे बड़े महाकाव्यों में से एक रामायण को साकार करना सिर्फ एक रचनात्मक प्रयास नहीं है बल्कि एक गहरी जिम्मेदारी है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए लेकर'श्रीमद रामायण' लेकर आ रहा है, जिसका प्रीमियर 01 जनवरी, 2024 को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने कहा कि श्रीमद रामायण'का लॉन्च गहराई से किए गए शोध और सटीक प्रक्रिया के साथ गुणवत्तापूर्ण कहानी कहने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम इस कालजयी कथा को फिर से सुनाने के लिए उत्सुक हैं जो दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ती है, हमारी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों के साथ नए सिरे से जुड़ाव को बढ़ावा देती है।

श्रीमद रामायण में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम की भूमिका निभा रहे सुजय रेउ ने कहा,जब मुझे पता चला कि मुझे भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, तो मेरी प्रारंभिक प्रतिक्रिया खुशी थी। मै उत्साह और खुशी की भावना से अभिभूत था। मुझे भगवान राम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना याद है, यह विश्वास करते हुए कि शायद यह उनका आशीर्वाद था जिसने मेरे चयन में भूमिका निभाई। यह पूरी यात्रा मेरे द्वारा पहले अनुभव की गई किसी भी चीज से अलग रही है। श्रीमद रामायण में माता सीता का किरदार निभा रही प्राची बंसल ने कहा,ऐसी महान भूमिका बड़ी जिम्मेदारी के साथ आती है, और मुझे आशा है कि हम राम और सीता के स्थायी प्रेम, अटूट निष्ठा और दृढ़ विश्वास को सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन तरीके से प्रस्तुत करेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन बिजनेस हेड नीरज व्यास ने कहा,श्रीमद रामायण सिर्फ एक शो नहीं है; यह हमारी समृद्ध विरासत का सार लाखों लोगों के घरों में लाने और देश भर के परिवारों के लिए एक साझा अनुभव बनाने का हमारा प्रयास है। इस विशिष्ट महाकाव्य की सीख आज भी प्रासंगिक है और पारिवारिक मूल्यों के महत्व और रिश्तों के महत्व पर जोर देते हुए पीढ़ियों तक गूंजती रहती है।



## अपर्णा सेन पर बने वृत्तचित्र का रॉटरडैम महोत्सव में होगा प्रीमियर

**कोलकाता (भाषा)।** बांग्ला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री अपर्णा सेन पर बने एक वृत्तचित्र को अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव रॉटरडैम में 'वर्ल्ड प्रीमियर' के लिए चुना गया है। फिल्म निर्देशक सुमन घोष ने यह जानकारी दी।घोष ने इससे पहले नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के जीवन और काम पर आधारित वृत्तचित्र 'द आर्ग्यूमेंटेटिव इंडियन' (2019) बनाया था। उन्होंने कहा कि वह अपर्णा सेन पर बने वृत्तचित्र को 'वर्ल्ड प्रीमियर' के लिए चुने जाने पर बहुत उत्साहित हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैं यह खबर साझा करते हुए बहुत रोमांचित हूं कि अपर्णा सेन पर मेरे वृत्तचित्र 'परमाः ए जर्नी विद अपर्णा सेन' को जनवरी 2024 में अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव रॉटरडैम में 'वर्ल्ड प्रीमियर' के लिए चुना गया है।'

घोष ने कहा, 'सबसे पहले तो, किसी ऐसे व्यक्तित्व पर फिल्म बनाने की खुशी जिसे मैं एक व्यक्ति और एक फिल्म निर्माता के रूप में बहुत प्यार और सम्मान करता हूं... ऐसा व्यक्तित्व आज की दुनिया में दुर्लभ है।' उन्होंने कहा, 'अपने 15 साल के फिल्मी सफर में मैं कभी रॉटरडैम तक नहीं पहुंच पाया। मैं कई अन्य शीर्ष फिल्म समारोहों में गया हूं, लेकिन हमेशा सोचता था कि रॉटरडैम में सफल होना कठिन है। इस तरह के शीर्ष फिल्म समारोह में प्रवेश करना बहुत बड़ी संतुष्टि की बात है।' सेन ने 1985 में 'परमा' का निर्देशन किया था। इस फिल्म में अभिनेत्री राखी गुलजार ने भी अभिनय किया था।



## वायकॉम।8 लाइव पर होगा 'माशा एंड द बियर' का नाट्य रूपांतरण

**मुंबई (वार्ता)।** वायकॉम।8 लाइव पर निक जूनियर की प्रसिद्ध एनिमेटेड सीरीज, 'माशा एंड द बियर' का लाइव नाट्य रूपांतरण होगा। वायकॉम।8 लाइव द्वारा निर्मित माशा एंड द बियर' का रूपांतरण पूरे देश में एक अद्भुत यात्रा पर ले जाएगा, जिसकी शुरुआत 23 दिसम्बर 2023 को मुंबई से होगी। इसके बाद बेंगलुरु, दिल्ली और हैदराबाद में आकर्षक परफॉर्मेंस देते हुए इस सफ़र का समापन मार्च, 2024 में मुंबई में होगा।इस शो के विभिन्न किरदारों के साथ 'माशा एंड द बियर लाइव' एक म्यूजिकल कहानी है, जो माशा, द बियर, प्रोफेसर नॉनबेलिवियस, रोजी, पांडा, स्लाई फॉक्स और सिली फॉक्स आदि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो माशा के घर से गायब हुए सामान का रहस्य सुलझाने के लिए उसके साथ मिलकर काम करते है।

माशा एंड द बियर लाइव के शो डायरेक्टर, विशाल असरानी ने कहा, 30 साल तक थिएटर में काम करने और ड्रीमवर्क्स के मेडागास्कर- ए म्यूजिकल एडवेंचर" एवं रुडयार्ड किपलिंग के द जंगल बुक" जैसे कई प्रोडक्शन भारत में लाने के बाद, हमसे वायकॉम।8 द्वारा माशा एंड द बियर के डायरेक्शन के लिए संपर्क किया गया। यह एक शादार प्रोजेक्ट है, जो इससे पहले भारतीय दर्शकों ने कभी नहीं देखा होगा।



## राम मंदिर को लेकर अमेरिका के मंदिरों में सप्ताह भर विशेष कार्यक्रम होंगे


**वाशिंगटन (भाषा)।** अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में उत्तरी अमेरिका के मंदिरों में सप्ताह भर विशेष समारोह आयोजित करने की तैयारी चल रही है। इन मंदिरों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'हिंदू मंदिर एम्पावरमेंट काउंसिल' (एचएमईसी) की तेजल शाह ने बताया, 'यह हमारा सौभाग्य है तथा हमारे लिए आशीर्वाद है कि हम इस जश्न का हिस्सा बनने जा रहे हैं और हमारे सपनों का मंदिर लंबे इंतजार तथा संघर्ष के बाद आकार ले रहा है। अमेरिका और कनाडा में हर कोई इसके लिए बेहद उत्साहित है। हर कोई राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।''एचएमईसी' अमेरिका में 1,100 से अधिक हिंदू मंदिरों की सर्वोच्च संस्था है। उन्होंने कहा कि उत्तरी अमेरिका के छोटे और बड़े मंदिरों में सप्ताह भर चलने वाले उत्सव 15 जनवरी से शुरू होंगे और इनका समापन अयोध्या से राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सीधा प्रसारण दिखाने के साथ किया जाएगा। शाह ने कहा कि उत्सव को लेकर लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और उन्हें उम्मीद है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह देखने के लिए हजारों लोग मंदिरों में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा, 'कार्यक्रम के अंत में हम सभी संकल्प भी लेंगे।'



**'हिंदू मंदिर एम्पावरमेंट काउंसिल' (एचएमईसी) की तेजल शाह ने बताया, 'यह हमारा सौभाग्य है तथा हमारे लिए आशीर्वाद है कि हम इस जश्न का हिस्सा बनने जा रहे हैं और हमारे सपनों का मंदिर लंबे इंतजार तथा संघर्ष के बाद आकार ले रहा है**

## मंदाना का डीपफेक वीडियो

### मास्टर माइंड को तलाश रही दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की डीपफेक प्रोफाइल बनाने के पीछे के मास्टरमाइंड को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस की तलाश अभी भी जारी है। एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि चार संदिग्धों को ट्रैक करने के बावजूद, यह पता चला है कि वे केवल अपलोडर थे और फजी वीडियो के वास्तविक निर्माता नहीं थे। वीडियो में काली पोशाक में एक अलग महिला को लिफ्ट में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है। कथित अपराधी ने वीडियो में मूल महिला के चेहरे पर मंदाना का चेहरा लगाने के लिए कथित तौर पर एआई टेकनीक का इस्तेमाल किया। एक सूत्र ने कहा, पुलिस ने मेटा से नवंबर में सोशल मीडिया पर उपरोक्त 'डीपफेक' वीडियो साझा करने के लिए जिम्मेदार इंस्टाग्राम अकाउंट के यूआरएल का खुलासा करने के लिए कहा था, हालांकि, कुछ सवालों के जवाब दिए गए थे। मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 465 (जालसाजी) और 469 (प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जालसाजी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66सी और 66ई भी जोड़ी गई है।

## 2030 तक तीन गुना हो जाएगा देश का डिजिटल मीडिया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश के डिजिटल मीडिया और मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन गुना होने की संभावना है, जिसका मूल्य वर्तमान में 12 अरब डॉलर है। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रेडसीर रिसर्च के अनुसार, इंटरनेट यूजरों की बढ़ती परिपक्वता के साथ-साथ डिजिटल मीडिया पर बढ़ते खर्च से अन्य व्यापक चुनौतियों जैसे डिजिटल विज्ञापन खर्च में गिरावट के कारण बाजार में आई हालिया मंदी से इस क्षेत्र को उबरने में मदद मिलने की उम्मीद है। पिछले दो वर्षों में, नॉन-रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) और ओटीटी वीडियो के बढ़ते चलन ने डिजिटल विज्ञापन खर्च में मंदी के बावजूद इस क्षेत्र के विकास पथ में प्रमुख योगदान दिया है।

वित्त वर्ष 2022-23 में डिजिटल मीडिया और मनोरंजन के सभी क्षेत्रों में पेड यूजरों की संख्या में वृद्धि देखी गई, जिसमें ओटीटी ऑडियो का योगदान सबसे ज्यादा रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता बनाने की ऊँची लागत और उपभोक्ताओं के बने रहने की कम दर की चुनौतियों पर काबू पाने पर ओटीटी वीडियो क्षेत्र को अगले तीन से पाँच वर्षों में मुनाफा हासिल करने की उम्मीद है। भारत के इंटरनेट यूजरों के वर्तमान परिदृश्य में 45-50 करोड़ खोजकर्ताओं के मजबूत समूह का प्रभुत्व है। इसके बाद 30-32 करोड़ ट्रांजैक्टर और 3.5-4.0 करोड़ परिपक्व यूजर हैं। शोध में अनुमान लगाया गया है कि भारत में परिपक्व यूजरों की संख्या 2030 तक अमेरिका से अधिक हो जाएगी। देश में 2023 में मिड-कोर/कोर गेमर्स का 15 करोड़ का समुदाय है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण हिस्सा कैज़ुअल गेमप्ले से आया है।




## टाटा कंसल्टिंग करेगी विराट रामायण मन्दिर का सुपरविजन : आचार्य किशोर

**पटना (वार्ता)।** महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण का पर्यवेक्षण कर रही टाटा कंसल्टिंग अब महावीर मन्दिर द्वारा बिहार के पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन विराट रामायण मन्दिर का सुपरविजन भी करेगी। इस संबंध में टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड और महावीर मन्दिर न्यास के बीच करार हुआ है। महावीर मन्दिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने बुधवार को महावीर मन्दिर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड विराट रामायण मन्दिर के संपूर्ण कार्यो की गुणवत्ता, समयबद्धता, तकनीक आदि सभी पहलुओं का सुपरविजन करेगी। कंपनी को विराट रामायण मन्दिर का प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट यानी पीएमसी का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। कंपनी अयोध्या के राम मन्दिर के निर्माण में इसी भूमिका में काम कर रही है। टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए भी पीएमसी के तौर पर कार्य कर रही है। उस परियोजना के डिजाइन से कंस्ट्रक्शन सुपरविजन तक का काम टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड ही देख रही है। टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड के सुपरविजन में विराट रामायण मन्दिर की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित हो गयी है।

टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड के महाप्रबंधक सौरभ मूले ने बताया कि उनकी कंपनी महावीर मन्दिर की ओर से विराट रामायण मन्दिर के निर्माण की गुणवत्ता, संरक्षा, डिजाइन, टाइम लाइन आदि का पर्यवेक्षण करेगी। निर्माण में आनेवाली तकनीकी बाधाओं को भी दूर करेगी। कंपनी के विशेषज्ञ केसरिया-चकिया के बीच निर्माणाधीन विराट रामायण मन्दिर के कार्यस्थल पर रहकर सारे कार्यो को देखेंगे।वर्ष 2025 तक यह मन्दिर बनकर तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड के सहायक महाप्रबंधक राहुल सारडा भी मौजूद थे। गौरतबल है कि अयोध्या से जनकपुर तक बन रहे राम जानकी मार्ग पर स्थित विराट् रामायण मन्दिर 140 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। मुख्य मन्दिर 1080 फीट लंबा, 540 फीट चौड़ा और 270 फीट ऊंचा है। मन्दिर में 33 फीट ऊंचा और 33 फीट गोलाकार शिवलिंग भी स्थापित होगा। विश्व का यह सबसे बड़ा शिवलिंग होगा जिसमें एक हजार छोटे शिवलिंग भी होंगे। इसे सहस्त्रलिंगम के रूप में जाना जाता है। भारत में आठवीं सदी तक सहस्त्रलिंगम के प्रमाण हैं। विराट रामायण मन्दिर के सहस्त्रलिंगम का वजन 200 मीट्रिक टन होगा। तमिलनाडु के महाबलिपुरम में ब्लैक ग्रेनाइट पत्थर की चट्टान को तराशकर विशालतम शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। विराट रामायण मन्दिर में कुल 22 देवालय होंगे।



# काशी द्वार के विरोध में उतरे सैकड़ों किसानों ने तहसील का किया घेराव

प्रखर पिंडरा वाराणसी। आवास विकास परिषद द्वारा पिंडरा में प्रस्तावित काशी द्वार योजना के विरोध में सैकड़ो किसानों ने ढाई किमी लम्बी पैदल यात्रा कर तहसील पहुँचे और घेराव किया। इस दौरान सरकार विरोधी नारेबाजी करने के साथ किसी भी कीमत पर जमीन न देने का संकल्प दोहराया।

गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सैकड़ो किसान संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा, सांझा संस्कृति मंच व किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में रमईपुर स्थित दुर्गा मंदिर पर जुटे और दोपहर साढ़े 12 बजे जुलूस के रूप में तख्तियों पर लिखे नारे के बीच पैदल तहसील पिंडरा के लिए कूच किया। इस दौरान जगह जगह लोग किसानों के समर्थन में यात्रा में शामिल होते गए। जिसमे विभिन्न राजनैतिक दलों के लोग भी रहे। डेढ़ घंटे की पैदल चलना के बाद लगभग 2 बजे तहसील पिंडरा पहुचे तो तहसील गेट पर तहसीलदार विकास पांडेय व एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार ने गेट पर उन्हें रोकना चाहा लेकिन किसान गेट के अंदर घुसने पर आमादा दिखे। जिसपर पुलिस प्रशासन पीछे हट गई और सैकड़ो महिला पुरूष तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट के सामने पहुच




कर वही धरने पर बैठ गए। उसके बाद अपने मांगो के बाबत पत्रक को पढ़ा। उसके बाद अधिकारियों को पत्रक दिया। जिसपर तहसीलदार ने शासन तक मांग पत्र पर पहुचाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया।

इसके पूर्व किसानों के विरोध व पैदल यात्रा को देखते हुए फूलपुर, सिंधोरा व बड़ागांव की पुलिस फोर्स के साथ पीएसी के जवान तैनात रहे। एसीपी पिंडरा स्वयं पैदल यात्रा के साथ चलते दिखे।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजीव राम, राकेश सिंह रिशु, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष लवकुश साहनी, कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव जटाशंकर सिंह, नंदाराम शास्त्री, सपा के डॉ विनोद भाष्कर, किसान सभा के रामजी सिंह,किसान न्याय मोर्चा के अशोक प्रजापति,सांझा संस्कृति मंच के रामजनम यादव , किसान मजदूर मोर्चा पिंडरा के अध्यक्ष फतेहनारायन सिंह, सचिव प्रेम कुमार नट, अजित पटेल, संतोष पटेल, फुलगेन पटेल,जितेंद्र सिंह,राजू सिंह,विनोद प्रजापति,राधेश्याम, वीरेंद्र पटेल, रामपत्ति देवी, गुलाबी देवी समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष के साथ कई गांवों के पूर्व व वर्तमान ग्राम प्रधान भी शामिल रहे। पैदल यात्रा में पिंडरा, पिंडराई, समोगरा, कैथोली, बसनी, बेलवा, पुरारघुनाथपुर, बहुतरा, जददुपुर, चकइन्दर गांवों के किसान रहे।

**इन मांगों को लेकर सौंपा पत्रक**– किसानों की जमीन पहले से ही एयरपोर्ट व सांस्कृतिक संकुल में जाने से जमीन विहीन हो रहे हैं तथा बची हुई जमीन पर काशी द्वारा के नाम पर हो रहे अधिग्रहण को रोकने की मांग करते हुए योजना को रद्द करने के बाबत पत्रक दिया।

## उच्च शिक्षा पर अन्यायपूर्ण भेदभाव के खिलाफ यादव महासभा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज में प्रोफेसर रहे, डॉक्टर लक्ष्मण यादव के आवाहन पर गाजीपुर में उच्च शिक्षा पर खतरे या अन्याय पूर्ण भेदभाव के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति महोदया को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें यादव महासभा के पदाधिकारियों ने उच्च शिक्षा व विश्वविद्यालय में जाति, धर्म और विचारधारा के आधार पर अध्यापकों की नियुक्ति एवं अपारदर्शी शिक्षक भर्ती के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। इसके साथ-साथ शिक्षा को ठेके पर देने, पीएचडी एडमिशन में धांधली व पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली विश्वविद्यालय से निकाले गए प्रतिभावना अनुभवी शिक्षकों के साथ मांग करने की मांग की गई। यादव महासभा के जिला अध्यक्ष भरत यादव एवं



संरक्षक हरिद्वार यादव ने कहा कि देश के विश्वविद्यालय व उच्च शिक्षा में जिस तरह जाति, धर्म और विचारधारा के आधार पर प्रोफेसर व अध्यापकों की नियुक्ति हो रही है। देश की शिक्षा के लिए अत्यंत घातक है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मण यादव को 14 साल तक पढ़ाने के बाद इस लिए हटा दिया गया। क्योंकि यूट्यूब पर सामाजिक न्याय की पाठशाला चलाए थे, और देश के गरीब, दलित, पिछड़े, पीड़ित या शोषितों को न्याय व अवसर दिए जाने की बात कर रहे थे। इसी तरह दौलत राम कॉलेज की प्रोफेसर ऋतु सिंह भी भेदभाव का शिकार हुई, और उन्हें भी हटा दिया गया। वही उपेन्द्र यादव ने कहा कि महासभा आज महामहिम से मांग करता हैं कि डॉक्टर लक्ष्मण यादव व रितु सिंह एवम् अन्य को शीघ्र स्थाई नियुक्ति दिलवाएं।

## कक्षा 11वीं के छात्र की ट्रैक्टर के रोटावेटर में फंसकर दर्दनाक मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भावरकोल थाना क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर के कक्षा- 11का छात्र और भावरकोल गांव निवासी सोलह वर्षीय अंकित यादव पुत्र शिवबहादुर यादव की बुधवार की देर शाम ट्रेक्टर के रोटावेटर में फंस कर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में सन्नाटा छा गया। दर्दनाक मौत से जहां गांव के लोग काफी दुःखी हैं वहीं आज सुबह कालेज मे एक शोक सभा का आयोजन किया गया और उसकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया, कि ईश्वर उसकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करे। इसके बाद कालेज वंद कर दिया गया। इस अवसर पर कालेज प्रशासन की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य शिवजी यादव ने अपनी संवेदना में



कहा कि विद्यालय ने अपना एक अनुशासन प्रिय और प्रतिभाशाली छात्र खो दिया है। जिससे हम सभी दुख के सागर डूबे हुए हैं। हिंदी प्रवक्ता एस डी कुशवाहा ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जन्म लेने के साथ ही मरण की तिथि तय हो जाती है। ईसलिए मरण जीवन की एक आवश्यक प्रक्रिया है लेकिन आज अंकित यादव की असामयिक निधन से हम सभी काफी दु;ख है। शोक प्रस्ताव में कहा गया कि दुख की इस घड़ी में विद्यालय परिवार प्रभावित के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। शोक सभा में श्रीकांत तिवारी, मनजीत यादव, ऊदल सिंह, रविन्द्र पासवान, उमाशंकर यादव, प्रदुम्न राय, राधेश्याम यादव,लल्लन सिंह, रमेश पाण्डेय, सुभाष यादव, रामाशीष यादव, दिवाकर पांडेय आदि शिक्षक सहित सभी विद्यार्थी शामिल हुए।

## विकसित भारत संकल्प योजना में लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र, विभिन्न विभागों ने लगाए स्टाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो थाना क्षेत्र के पिपनार गांव में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि राकेश यादव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर लोगों को दवा का वितरण किया। तथा कृषि विभाग की टीम ने अपना स्टाल लगाकर लोगों को मोटे अनाज की खेती के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार योजना, सतत कृषि जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, तथा किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम प्रणाम योजना के तहत लोगों को विस्तार से बताया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश यादव ने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल हो गए आप लोगों ने अनेक सरकारें देखी होगी लेकिन पहली बार सरकार चलाकर आपके ग्राम में आई है ऐसा पहली बार हुआ है। यह बदलाव हुआ कैसे यह जानने की जरूरत है। किसी ने वर्ग विशेष, परिवार विशेष तथा दल विशेष की चिंता कर कुछ लोगों को ही लाभ पहुंचाया । लेकिन वर्तमान सरकार ने अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन में योजना का लाभ पहुंचाने का काम किया है। यह संभव पीएम मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में बदलाव आया जो राजनीतिक नहीं है बल्कि यह योगदान कार्य संस्कृति में बदलाव के चलते आया है। उन्होंने कहा कि जब मुखिया जागेगा तो देश चलेगा । इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने टाली बजाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां उपस्थित प्रत्येक परिवार वर्तमान में चल रही भारत सरकार की योजना से लाभान्वित हुआ है। चाहे वह प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना , किसान सम्मन निधि , उज्जवला योजना हो या विधवा पेंशन विकलांग पेंशन सहित अनेक योजना हो। कोई ऐसा वपरिवार नहीं है जिसे कोई न कोई योजना का लाभ न मिला हो। उन्होंने 2047 में देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चार जातियों के विकास की बात



चल रही है जिसमें महिलाएं, किसान, गरीब, तथा युवा है। योजना विकसित भारत संकल्प योजना के संचालन से सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ मिलना चाहिए। इस मौके पर अनील राजभर, डा संजय वर्मा,बेचन सचिव, शेषनाथ सिंह, राजेश कुमार, डा तारिक, इंद्रजीत भारती, पुष्पा यादव, सुमन पांडेय, नीलम, बेचन राजभर, रामजी पांडेय, महेंद्र शर्मा, बसंत चौहान, नागेंद्र पांडेय, सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकताएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शमशुद्दीन अहमद तथा संचालन प्रदीप शर्मा ने किया।

## शीत लहर व ठंड बचाव के दृष्टिगत जनपद में 233 स्थलों पर जलवाया गया अलाव, 805 निराश्रितों को वितरित किया गया कम्बल

प्रखर मिजार्पुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल के मार्गदर्शन में शीतलहर के दृष्टिगत राहत कार्य किये जा रहे हैं। रैन वसेरों में जनपद स्तर पर कुल 07 स्थलों पर रैन वसेरे का संचालन किया जा रहा है, समस्त 07 स्थलों पर मौजूद रैन वसेरों में रजाई, गद्दा, मैटी, पेयजल, शौचालय, विद्युत इत्यादि सम्बंधित मूलभूत सुविधाओं कि व्यवस्था कि गयी है। नगरपालिका मीरजापुर दारा सगरा बस स्टैंड-विन्ध्याचल (स्थायी रैन वसेरा-25 लोगों कि क्षमता), राजकीय रोडवेज परिसर-मीरजापुर (अस्थायी रैन वसेरा-40 लोगों कि क्षमता), मुकेरी बाजार धर्मशाला (अस्थायी रैन वसेरा-20 लोगों कि क्षमता) एवं रेहड़ा चुंगी-विन्ध्याचल डूडा (स्थायी रैन वसेरा-50 लोगों कि क्षमता) पर रैन वसेरा संचालित है। नगरपालिका अहरौरा द्वारा सामुदायिक भवन- पट्टी खुर्द (अस्थायी रैन वसेरा-10 लोगों कि क्षमता), नगरपालिका चुनार द्वारा सामुदायिक भवन-बालुघट (अस्थायी रैन वसेरा-20 लोगों कि क्षमता), नगर पंचायत कछवां द्वारा



जलकल परिसर (अस्थायी रैन वसेरा-10 लोगों कि क्षमता) में रैन वसेरा संचालित है। जिला प्रशासन द्वारा निराश्रितों एवं असहायों के मध्य कम्बल वितरण हेतु अब तक तहसीलों को कुल 5337 कम्बल उपलब्ध कराये गए हैं, यथा- तहसील सदर को 1481 कम्बल, तहसील चुनार को 1480 कम्बल, तहसील मडिहान को कुल 1188 कम्बल एवं तहसील लालगंज को कुल 1188 कम्बल उपलब्ध कराये गए हैं, अब तक समस्त तहसीलों द्वारा निराश्रितों एवं असहायों के मध्य कुल 805 कम्बल वितरित किये गये हैं। जनपद में जिला प्रशासन द्वारा कुल 233 स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है, तहसील सदर द्वारा कुल 30, चुनार द्वारा कुल 17, मडिहान द्वारा कुल 13, लालगंज द्वारा कुल 24 स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है एवं नगरपालिका मीरजापुर द्वारा कुल 115, नगरपालिका चुनार द्वारा कुल 12, नगरपालिका अहरौरा द्वारा कुल 12, नगरपंचायत कछवा द्वारा कुल 10 स्थलों पर अलाव जलवाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व पार्षद वरुण सिंह ने दिल्ली में राज्य सभा सदस्य राम शकल को रेलमंत्री के नाम से संबोधित पत्र सौंपा



प्रखर वाराणसी। बनारस रेलवे स्टेशन पर बनारस से गुहाटी के लिए नई ट्रेन चलाए जाने , बनारस से रामेश्वरम तक साप्ताहिकी ट्रेन का फेरा बढ़ाने और पवन एक्सप्रेस , लिच्छवी एक्सप्रेस , स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस और पटना सिकंदराबाद के ठहराव के लिए पूर्व पार्षद वरुण सिंह ने दिल्ली में राज्य सभा सदस्य राम शकल को रेलमंत्री के नाम से संबोधित पत्र सौंपा। पूर्व पार्षद वरुण सिंह ने बताया रेल मंत्रालय में अधिकारियों को ट्रेनों के ठहराव एवम संचालन के लिए पत्र देकर जनभावनाओं से अवगत कराया गया। राज्य सभा सांसद राम शकल ने जनहित में इस विषय को रेलमंत्री तक पहुंचाने और निवेदन करने का आश्वासन दिया । रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से भी मिलने का समय मांगा गया है ।

### उत्तर प्रदेश के कोटेदार करेंगे 1 जनवरी से करेंगे हड़ताल



प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 80000 हजार राशन डीलर 1 जनवरी 2024से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। आज प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी उपायुक्त खाद्य वाराणसी मण्डल वाराणसी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रदेश के कोटेदार का 300रुपए प्रति कुंतल कमीशन होना चाहिए। तथा 2001 से 2022 तक समस्त बकाया राशि का भुगतान होना चाहिए। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा वाराणसी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने में प्रदेश सचिव अजय जायसवाल जिला अध्यक्ष बह्मदेव मिश्रा ज़िला उपाध्यक्ष लक्ष्मी पाण्डेय विनोद पाण्डेय पंकज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष देवबलि सिंह प्रभु नारायण पाण्डेय हरिशंकर यादव सुख्खु प्रसाद आलोक दूबे आनन्द जायसवाल जमुना पारस नाथ मिश्र रामनारायण रामसेवक रविन्द्र कुमार अरून जायसवाल तथा तमाम कोटेदार उपस्थित थे।

### मनरेगा मजदूर संघ ने अपनी मांगों को लेकर करंडा ब्लॉक पर किया आंदोलन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मनरेगा मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरेंद्र यदुवंशी के नेतृत्व में मनरेगा श्रमिकों ने आंदोलन किया मनरेगा मजदूर संघ के द्वारा उनके ग्राम सभा अध्यक्ष के द्वारा मनरेगा श्रमिकों का लेबर डिमांड भरा करके और रोजगार सेवक किया सेक्रेटरी को रिसीव कराई लगभग 4 से 6 महीना हो गया लेकिन अभी तक किसी ग्राम सभा में श्रमिकों को रोजगार नहीं मिला लेकिन संगठन के पदाधिकारी द्वारा बताया जाता है कि मनरेगा अधिनियम 2005 के तहत यह बताया गया है कि अगर श्रमिकों को लेबर डिमांड कर देने के 15 दिन के अंदर उनका कार्य नहीं मिल पाता है तो उनको बेरोजगारी भत्ता का प्रावधान किया गया है लेकिन अभी तक किसी भी श्रमिक को बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया मनरेगा मजदूर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सतपाल सिंह ने बताया कि संगठन विकासखंड अधिकारी करंडा को 12 पत्रक के माध्यम से समस्याओं से अवगत कराने का काम किया था लेकिन खंड विकास अधिकारी ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में नहीं



लिया जिसके कारण आक्रोशित श्रमिकों ने एवं मनरेगा मजदूर संघ के पदाधिकारी ने मजबूरी में आकर के विकासखंड पर आंदोलन करने को बाध्य हुए वहीं पर मनरेगा मजदूर संघ के जिला महासचिव प्रमोद सिंह यादव ने यह बताया कि संगठन के कुछ ग्राम सभा पदाधिकारी को सेक्रेटरी एवं रोजगार सेवक के द्वारा धमकियां भी दी जा रही है कि आप नेतागिरी ना करो अन्यथा में आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर दी जाएगी लेकिन जिला महासचिव ने बताया की कार्यक्रम स्थल पर खंड विकास अधिकारी आकर के मनरेगा मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारी एवं श्रमिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने उसके बाद उन्होंने पत्रक रिसीव करते हुए आश्वासन दिया कि आपकी सभी समस्याओं का समाधान तत्काल कर दिया जाएगा सभी सेक्रेटरी एवं रोजगार सेवक को सूचित कर दिया गया है आपको समय पर काम मिलेगा बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा अगर कोई भी कर्मचारी पदाधिकारी से दुर्व्यवहार करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही भी कराई जाएगी विकासखंड अधिकारी के आश्वासन पर संगठन ने अपना आंदोलन समाप्त किया और बताया की महोदय यह आंदोलन आपको मामले को संज्ञान में लेने के लिए किया गया था अगर आपके द्वारा मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया तो फिर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# सरकार के द्वारा चली जा रही महत्वाकांक्षी तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को देने में कोई भेदभाव नहीं : सीएम योगी आदित्यनाथ

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संत कबीर नगर जिले के बघौली ब्लाक क्षेत्र के देवडीह करौंदा गांव में आगमन हुआ । आगमन के दौरान जिले के 21 अन्नपूर्णा भवनों का भूमि पूजन किया तथा संत कबीर नगर जिले को सेफ सिटी बनाने के लिए योजनाओं का शिलान्यास किया गया। सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा उनसे संवाद कर सरकार की योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। संत कबीर नगर जिले में पूर्व नियोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सही समय पर 10:18 पर करौंदा गांव में पहुंचे जहां पर जिले के मौजूद जनप्रतिनिधियों तथा सरकारी अमला के अधिकारियों ने सीएम योगी का स्वागत किया, तत्पश्चात कार्यक्रम में लगी सरकार की उपलब्धियां की प्रदर्शनियों को सीएम योगी ने एक-एक कर देखा, जांचा तथा परखा और उसकी विशेषताओं के बारे में जाना। अगली कड़ी में सीएम योगी ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना किसान सम्मन निधि से लाभान्वित व्यक्ति से संवाद किया तथा उससे हो रहे लाभ की जानकारी दी।



वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित व्यक्ति से भी संवाद किया गया तथा समूह की महिलाओं से भी बारी बारी से संवाद कर सीएम योगी ने जन कल्याणकारी योजना से लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी ली । कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने उद्घोषणा में बताया की सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी तथा महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में बसे अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति को मिले यह सरकार की सोच है और उस पर कार्य सरकार कर भी रही है। सरकारी योजनाओं का लाभ देने में सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। जो जिस लायक है उसे उस योजना का लाभ दिया जा रहा है। सीएम योगी ने आगे यह भी बताया कि संत कबीर नगर जिले को सेफ सिटी के तहत विकसित करने की योजना धरातल पर जल्द ही यहां के नागरिकों को दिखेगी। विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार जनपद आगमन पर सीएम का स्वागत भव्य तरीके से किया गया। उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सुनने के लिए लोग काफी उत्सुकता थी। लोगों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पूरे जनपद से आए हुए लोगों ने कार्यक्रम को सुना देखा तथा समझा। संत कबीर नगर जिले के सरकारी अमला पूरी तरह से सतर्क तथा चौकन्ना दीखा ।कार्यक्रम के दौरान कहीं से किसी प्रकार की कोई चूक न हो जाए इसका पूरा-पूरा ख्याल सरकारी महकमा ने देख रखा। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान करौदा गांव में जनपद के सदर विधायक अंकुर राज तिवारी मेहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी धनघटा के विधायक गणेश चौहान सांसद प्रवीण निषाद जिले के जिला अध्यक्ष जगदंबा लाल श्रीवास्तव, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह,विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, सभी विकास खंड के खंड विकास अधिकारी तथा जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं